वर्ष-3, अंक-314
इन्दौर शुक्रवार
8 मई 2026
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

RNI-MPHIN/2013/53761,

# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**



जिसने अपने मन पर विजय प्राप्त कर लिया, वो किसी भी हार से उबरकर फिर से उठ सकता है।

## उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे

**मुंबई ईएमएस।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुरुवार को उस समय बड़े हादसे से बाल-बाल बच गए, जब उनका हेलीकॉप्टर खराब मौसम और तेज आंधी-तूफान की चपेट में आ गया। यह घटना कल्याण के पास उस समय हुई, जब शिंदे मुंबई से मुर्बाड की ओर एक विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, एकनाथ शिंदे का हेलीकॉप्टर मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स हेलीपैड से उड़ान भरकर मुर्बाड के लिए रवाना हुआ था। उड़ान के दौरान अचानक मौसम ने करवट ले ली और कल्याण क्षेत्र के आसपास तेज हवाएं, गरज-चमक और खराब दृश्यता की स्थिति बन गई। मौसम तेजी से बिगड़ता देख हेलीकॉप्टर के पायलट ने तुरंत स्थिति का आकलन किया और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ने के बजाय हेलीकॉप्टर को वापस मुंबई मोड़ने का फैसला लिया।

सूत्रों के मुताबिक, खराब विजिबिलिटी और अस्थिर हवा के कारण हेलीकॉप्टर को उड़ाना जोखिमभरा हो सकता था। ऐसे में पायलट की सतर्कता और त्वरित निर्णय से संभावित खतरे को टाल दिया गया। हेलीकॉप्टर सुरक्षित रूप से मुंबई के जुहू एयरपोर्ट पर उतारा गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित रहे। घटना के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक हल्कों में हलचल मच गई। हालांकि, बाद में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह केवल मौसम संबंधी एहतियाती निर्णय था और किसी प्रकार की तकनीकी खराबी सामने नहीं आई है।

## केरल सीएम का ऐलान 10 मई को कर सकते हैं मल्लिकार्जुन खड़गे

### कांग्रेस विधायक दल की बैठक में एक-लाइन का प्रस्ताव पारित



**नई दिल्ली, ईएमएस।** केरल में कांग्रेस की जीत के बाद सरकार के गठन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस 10 मई रविवार को केरल के सीएम के नाम का ऐलान कर सकती है। विधायकों की बैठक में एक-लाइन का प्रस्ताव पारित हुआ। केरल के सीएम का फैसला कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर छोड़ दिया गया है। कांग्रेस सांसद जेबी माथेर ने गुरुवार को कहा कि केरल में चल रही कांग्रेस विधायक दल की प्रक्रिया पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र को दर्शाती है और उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी पर भी कोई फ़ैसला थोपा नहीं जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विधायक दल की बैठक और विधायकों के साथ विचार-विमर्श के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि विधायकों और सीनियर नेताओं से मिली राय पर विचार किया जाएगा, जिसके बाद पार्टी आलाकमान सीएम पद के उम्मीदवार पर अंतिम फ़ैसला लेगा। सूत्रों के मुताबिक अगर केरल में वी डी सतीशन को सीएम पद का चेहरा नहीं चुना जाता है, तो वे कड़ा रुख अपना सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक सतीशन ने फैसला किया है कि अगर उन्हें सीएम नहीं बनाया जाता है, तो वे सिर्फ़ विधायक बने रहेंगे और शायद नई सरकार का हिस्सा न बनने का विकल्प चुन सकते हैं। 140 सदस्यों वाली विधानसभा में यूडीएफ की 102 सीटों की भारी जीत का जश्न जारी रहने के बीच, केरल कांग्रेस (जोसेफ) के प्रमुख पी जे जोसेफ ने नई सरकार में अपनी पार्टी के लिए कम से कम दो मंत्री पद की मांग की है।

## भारत आतंकवाद को पालने वाले तंत्र को समूल नष्ट करने के लिए अडिग

### पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक साल पूरे होने पर की सेना के शौर्य की तारीफ



**नई दिल्ली, ईएमएस।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक साल पूरे होने के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य की तारीफ की और आतंकवाद के विरुद्ध भारत के कड़े रुख को दोहराया। पीएम ने स्पष्ट संदेश दिया कि भारत न केवल आतंकवाद को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि उसे पोषित करने वाले पूरे तंत्र को नष्ट करने के संकल्प पर आज भी अडिग है।

पीएम मोदी ने कहा कि एक साल पहले भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बेजोड़ साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हमला करने की हिमाकत करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया और पूरा देश भारतीय बलों के शौर्य को सलाम करता है। पीएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि साथ ही इस अभियान ने भारतीय सुरक्षा बलों के बीच बढ़ती एकजुटता को प्रदर्शित किया और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए किए गए प्रयासों से देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को मिली मजबूती को रेखांकित किया। ऑपरेशन सिंदूर को तीनों रक्षा बलों द्वारा सीमा सुरक्षा बल के साथ पश्चिमी सीमा पर 7 से 10 मई, 2025 तक पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए अंजाम दिया गया था। यह अभियान 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में चलाया गया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। मृतकों में अधिकतर पर्यटक थे।

## शपथ से पहले हिंसा की आगोश में बंगाल

# विधानसभा भंग, सरकार बर्खास्त...



चुनाव परिणाम 4मई को आने के बाद अब तक इन पांचो राज्यों में मुख्यमंत्री कौन बनेगा? इसको लेकर घमासान मचा हुआ है। पश्चिम बंगाल में भारी हिंसा हो रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह विधायक दल की बैठक और मुख्यमंत्री का चयन करने पहुंच रहे हैं। बंगाल में भाजपा नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ रहे हैं। केरल में कौन मुख्यमंत्री बनेगा, इसका निर्णय अभी तक नहीं हो सका है। तमिलनाडु में दावा करने के बाद भी राज्यपाल ने जोसफ विजय को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए आमंत्रित नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्णयों को दरकिनार करते हुए राज्यपाल ने उनसे बहुमत साबित करने को कहा है। अन्ना डीएमके के विधायकों को रिसॉर्ट में ले जाकर रखा गया है। विधायकों की घेराबंदी हो रही है। जिससे लगता है, राज्यपाल नवनिर्वाचित विधायकों को दल बदल करने प्रोत्साहित कर रहे हैं। राज्यपाल के निर्णय से तमिलनाडु के विधायकों को अपने पाले में लाने के लिए खरीद फरोख्त शुरू हो गई है। असम में हेमंत विश्व शर्मा का मुख्यमंत्री बनना वैसे तय माना जा रहा है। एक खबर यह भी है, जेपी नड्डा वहां कोई नया धमाका कर सकते हैं। ऐसी अनिश्चितता की राजनीति इसके पहले कभी देखने को नहीं मिली। जैसी अभी देखने को मिल रही है।

**कोलकाता, ईएमएस**

चुनाव में करारी हार के बाद भी ममता बनर्जी ने इस्तीफा नहीं दिया, इसे देखते हुए राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल बर्खास्त कर दिया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार 6 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया और आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का परिणाम जनादेश नहीं बल्कि एक साजिश है।

इसके साथ ही उन्होंने सड़कों पर उतरकर लड़ाई लड़ने और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत करने का संकल्प लिया। ममता बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ा, बल्कि उसकी लड़ाई चुनाव आयोग से थी, जिसने बीजेपी के लिए काम किया। इसी के साथ ही उन्होंने कहा था, कि 'मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि हमारी हार जनता के जनादेश से नहीं, बल्कि एक साजिश के तहत हुई है। मैं हारी नहीं हूं, मैं लोक भवन इस्तीफा देने नहीं जाऊंगी। करीब 100 सीटों पर जनादेश को लूट लिया गया और उनकी पार्टी का मनोबल गिराने के लिए जानबूझकर मतगणना धीमी की गई। अंततः राज्यपाल ने मंत्रिमंडल बर्खास्त कर नए मंत्रिमंडल का रास्ता आसान कर दिया।

## सुवेंदु ने पीए रथ की हत्या का आरोप ममता पर मढ़ा

### मां बोलीं: बेटे की हत्या हार का बदला

वहीं दूसरी तरफ बेटे की मौत से दुखी चंद्रनाथ की मां ने कहा, कि हार का बदला मेरे बेटे की हत्या करके लिया गया है। उन्होंने कहा पहले ही कुछ नेताओं ने धमकी दी थी, तब कहा था 4 तारीख के बाद तुझे कोई बचा नहीं पाएगा।



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम के साथ ही राज्य में जो हिंसा का दौर शुरु हुआ वह थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस हिंसा का नया अध्याय सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या करके लिख दिया गया है। अभी नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान होना बाकी है और ऐसे में ये हिंसा और हत्या का दौर थमता नजर नहीं आ रहा है।

कहा जा रहा है कि जिसके सिर पर भी सीएम का ताज सजेगा उसके लिए रास्ता आसान नहीं होने वाला है, जिम्मेदारी के साथ ही चुनौतियां अपना मुंह बाए खड़ी हैं। पीए की हत्या को लेकर भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या इसलिए की गई क्योंकि उन्होंने ममता बनर्जी को हराया है। सुवेंदु ने हत्या की निंदा करते हुए कहा, इस हत्या को जिस तरीके से अंजाम दिया गया, उसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। हत्या की वजह भवानीपुर सीट से ममता की हार हो सकती है।

### बीजेपी-टीएमसी एक दूसरे पर लगा रहे आरोप

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजे आने के बाद शुरू हुआ हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। राज्य के कई जिलों से संघर्ष और हत्याओं की खबरें सामने आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चुनावी नतीजों के बाद हुई हिंसा में मरने वालों का आंकड़ा अब 6 पहुंच चुका है। 4 मई को आए चुनाव परिणामों के बाद से ही राज्य के कई हिस्सों, विशेषकर दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना और बीरभूम में तनाव है। अब तक हुई 6 हत्याओं में राजनीतिक दलों का समीकरण बराबरी पर बना हुआ है, जो राज्य में प्रतिशोध की राजनीति की भयावह तस्वीर पेश करता है। रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी की जीत के बाद हुए संघर्षों में पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है। इसमें सबसे चर्चित मामला उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम का है, जहां शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी है।

### शपथ ग्रहण में 4,000 पुलिसकर्मी होंगे तैनात

कोलकाता स्थित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पश्चिम बंगाल में बीजेपी की पहली सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए करीब 4,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी की पहली सरकार का शपथग्रहण समारोह 9 मई को आयोजित किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए इस मैदान को प्रभावी भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए करीब 30 सेक्टरों में बांटा गया है।

## समाज के समृद्ध लोग सामूहिक विवाह सम्मेलनों से विवाह का ट्रेंड सेट करें...

**भोपाल, ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सनातन संस्कृति में विवाह जन्म-जन्मांतर का पवित्र बंधन है। गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर रहे वर-वधुओं के लिए आने वाला समय कई जिम्मेदारियां लेकर आता है। सभी परिवारों के लिए विवाह का आयोजन आनंद और उत्सव का वातावरण निर्मित करता है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में एक ही मंडप में समाज के विभिन्न वर्गों के बेटे-बेटी वैवाहिक बंधन में बंधते हैं, सामूहिक चेतना का यह उत्सव फिजूल खर्ची और दिखावे पर रोक का संदेश देता है। सरकार और समाज ने जब से सामूहिक विवाह का बीड़ा उठाया है तब से गरीब माता-पिता ने चैन की सांस ली है। समाज के समृद्ध लोग सादगी को अपने व्यवहार में उतारें और सामूहिक विवाह सम्मेलनों में विवाह का ट्रेंड सेट करें। इससे समाज का हर वर्ग विवाह के अनावश्यक खर्च से बचेगा और उपलब्ध संसाधनों का परिवार के भविष्य निर्माण में उपयोग किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि उन्होंने स्वयं भी अपने पुत्र का विवाह सामूहिक सम्मेलन में ही किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेटियों की शिक्षा की चिंता करना और उसके लिए पर्याप्त प्रबंध करना, हर माता-पिता का दायित्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित 200 बेटियों के सामूहिक विवाह सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान कर उनके परिजन को शुभकामनाएं दीं।



### सामूहिक विवाहों के आयोजन से माता-पिता को नहीं लेना पड़ रहा है कर्ज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दिसंबर 2023 से अप्रैल 2026 तक 1 लाख 70 हजार 187 बेटियों के विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत कराये गए हैं। योजना अंतर्गत अब तक लगभग 1000 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से आर्थिक रूप से कमजोर भाई-बहनों की बेटियां भी पूरे सम्मान के साथ विदा होती हैं। समाज का कोई भी वर्ग हो, बच्चों का विवाह हर माता-पिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। सामूहिक विवाहों के आयोजन से अब विवाह के लिए माता-पिता को कर्ज नहीं लेना पड़ रहा है। समाज और सरकार एक-दूसरे के पूरक हैं। परिवर्तन के लिए समाज और सरकार दोनों का हाथ मिलाकर चलना जरूरी है। सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन वर्तमान समय में समाज सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बन चुके हैं। सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक आष्टा गोपाल सिंह इंजीनियर, अध्यक्ष जनपद पंचायत आष्टा दीक्षा सोनू गुणवान, जनप्रतिनिधि सहित वर-वधु और उनके परिजन उपस्थित थे।

## दिल्ली महिलाओं-बुजुर्गों के लिए नहीं सुरक्षित?

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने साल 2024 की रिपोर्ट जारी की है, जिसमें राजधानी दिल्ली में महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

एक ओर जहां देश में कुल अपराधों में कमी देखी गई है, वहीं दिल्ली मेट्रो शहरों में महिलाओं और केंद्र शासित प्रदेशों में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों के मामले में शीर्ष पर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ 13,396 मामले दर्ज हुए, जो 2023 के 13,366 मामलों से थोड़ी वृद्धि दिखाते हैं। बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में भी दिल्ली का प्रदर्शन चिंताजनक रहा, जहां 1,267 मामले दर्ज हुए।

## प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में सम्राट कैबिनेट का विस्तार

**गांधी मैदान में शक्ति प्रदर्शन के साथ एनडीए ने दिखाई एकजुटता**



30 मंत्रियों ने ली शपथ, नीतीश कुमार के बेटे निशांत पहली बार बने मंत्री

**पटना, (ईएमएस)।** बिहार की राजनीति में गुरुवार को बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में किया गया।

मुख्यमंत्री बनने के 22 दिन बाद हुए इस मेगा कैबिनेट विस्तार समारोह में गांधी मैदान में 30 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। समारोह को एनडीए की शक्ति और एकजुटता के प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। सीएम सम्राट के नई कैबिनेट में बीजेपी से 15, जदयू से 13, एलजेपी (रामविलास) से 2 तथा हम और आरएलएम से एक-एक मंत्री शामिल किए गए हैं। खास बात यह रही कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली।

## सऊदी अरब का अमेरिका को एयरस्पेस देने से इंकार

**रियाद, ईएमएस।** अमेरिका ने 4 मई को होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही शुरू करने के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू किया था। हालांकि एक दिन बाद ही ट्रंप ने प्रोजेक्ट को रोकने का आदेश दिया। तब ट्रम्प ने कहा था कि पाकिस्तान के कहने पर उन्होंने यह ऑपरेशन रोका है। हालांकि अब दावा किया जा रहा है कि सऊदी अरब की वजह से अमेरिका को यह कदम उठाना पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब ने मिशन में शामिल अमेरिकी विमानों को अपने एयरस्पेस और एयरबेस के इस्तेमाल की इजाजत देने से इंकार किया था।

## पंजाब के सीएम के ओएसडी के करीबियों के घर ईडी का छापा, नोटों से भरे बैग नीचे फेंके

### सनटेक सिटी प्रोजेक्ट के सिलसिले में मोहाली और चंडीगढ़ में 12 जगह तलाशी ली



**चंडीगढ़, ईएमएस।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को पंजाब के सीएम भगवंत मान के ओएसडी के करीबी सहयोगियों के पंजाब के एसएएस नगर और चंडीगढ़ स्थित तीन ठिकानों की तलाशी ली। खरड़ स्थित एक आवासीय सोसायटी वेस्टर्न टावर्स में छापेमारी के दौरान ईडी ने दो बैग जब्त किए, जिनमें करीब 20 लाख कैश थे। इन बैगों को इमारत की नौवीं मंजिल से नीचे फेंक दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईडी के अधिकारियों ने खरड़ के पास छज्जू माजरा स्थित वेस्टर्न टावर्स के फ्लैट नंबर 906 में जांच के लिए जैसे पहुंचकर नकदी से भरे उन बैगों को अपने कब्जे में ले लिया। एक अधिकारी ने बताया कि फ्लैट में मौजूद लोगों ने तुरंत नकदी से भरे दो बैग नीचे फेंक दिए। ईडी अधिकारियों ने तत्काल उन बैगों को अपने कब्जे में ले लिया और मौके पर बिखरे हुए नोटों के बंडलों को इकठ्ठा कर लिया।

## इस्तीफे के बाद भी वर्मा हाईकोर्ट जज?



**प्रयागराज, ईएमएस।** दिल्ली हाई कोर्ट का जज रहते हुए जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर बड़े पैमाने पर कैश मिला था। वहीं कुछ कैश जला हुआ भी पाया गया था और इसे लेकर सवाल उठे तो उनका ट्रांसफर इलाहाबाद हाई कोर्ट कर दिया गया था। वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग की प्रक्रिया भी लाने पर विचार हुआ।

इस बीच पिछले दिनों उन्होंने खुद ही जस्टिस के पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन वह अब भी जज बने हुए हैं। ऐसा शायद इसलिए है क्योंकि अब तक राष्ट्रपति की ओर से उनके इस्तीफे पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इलाहाबाद हाईकोर्ट में जजों की तैनाती इलाहाबाद और लखनऊ में है। लखनऊ खंडपीठ में 28 जजों की तैनाती है, जबकि इलाहाबाद में 79 जज हैं। हाईकोर्ट के पोर्टल पर इलाहाबाद स्थित जजों की सूची में अब भी जस्टिस यशवंत वर्मा का नाम तीसरे स्थान पर है उनसे ऊपर जस्टिस एमसी त्रिपाठी और जस्टिस अरिंदम सिन्हा का नाम है। ऐसा शायद इसीलिए है क्योंकि अब तक जस्टिस यशवंत वर्मा का इस्तीफा लंबित है और उस पर कोई फैसला नहीं हो सका है। बता दें जस्टिस वर्मा ने 9 अप्रैल को राष्ट्रपति के नाम पत्र लिखकर इस्तीफा दे दिया था।

### सेल्फ-डिफेंस फोर्स ने 'टायप 88' एंटी-शिप मिसाइल का किया सफल परीक्षण

## जापान ने फिलीपींस पर दागी मिसाइल, भड़का चीन

**टोक्यो, ईएमएस**

दक्षिण चीन सागर के सामरिक जलक्षेत्र में बुधवार को एक ऐसी सैन्य घटना घटी जिसने पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कूटनीतिक और सुरक्षा गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। फिलीपींस और अमेरिका के बीच चल रहे वार्षिक 'बालिकातन' युद्धाभ्यास के दौरान जापान की सेल्फ-डिफेंस फोर्स ने अपनी 'टायप 88' एंटी-शिप मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल ने फिलीपींस के एक पुराने युद्धपोत को कुछ ही मिनटों में निशाना बनाकर नष्ट कर दिया।

चीन ने इस मिसाइल परीक्षण पर बेहद तीखी प्रतिक्रिया दी है। बीजिंग ने इसे पिछले 80 वर्षों में जापान द्वारा किया गया पहला 'ऑफेंसिव मिसाइल' टेस्ट करार दिया है। चीन के विदेश



मंत्रालय ने जापान पर 'नियो-मिलिटेरिज्म' (नया सैन्यवाद) को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान की शांतिवादी और रक्षात्मक नीति से एक खतरनाक विचलन है। चीन के अनुसार, जापान का दोबारा सैन्य शक्ति बढ़ाना एशिया की क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अच्छा संकेत नहीं है। यह सैन्य अभ्यास फिलीपींस के उत्तरी इलाके पाओय के तट से करीब 75 किलोमीटर दूर आयोजित किया गया, जो सीधे दक्षिण चीन सागर का हिस्सा है। रणनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल एक नियमित अभ्यास नहीं, बल्कि बीजिंग के लिए एक सीधा संदेश है। जिस क्षेत्र में यह मिसाइल दागी गई, वहां चीन लंबे समय से अपना दावा पेश करता रहा है। ऐसे में जापान का इस विवादित क्षेत्र के पास पहली बार इतनी आक्रामक भूमिका निभाना एक बड़े बदलाव का संकेत माना जा रहा है।

जापान ने इस अभ्यास के दौरान दो मिसाइलें दागीं, जिन्होंने फिलीपींस नौसेना के पुराने जहाज पर सटीक प्रहार किया। इस पूरे ऑपरेशन का निरीक्षण फिलीपींस के रक्षा सचिव गिल्बर्टो टेओडोरो और जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी ने मौके पर मौजूद रहकर किया, जबकि फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने मनीला से इसका सीधा प्रसारण देखा। यह पहली बार है जब जापान ने बालिकातन युद्धाभ्यास में इतनी सक्रिय और आक्रामक भूमिका निभाई है। हाल के वर्षों में जापान ने अपने सैन्य निर्यात और रक्षात्मक नीतियों पर लगे दशकों पुराने प्रतिबंधों में ढील दी है। इसी कड़ी में जापान और फिलीपींस के बीच रक्षा सहयोग बढ़ रहा है और 'अबुकुमा क्लास डेस्ट्रॉयर' जैसे युद्धपोत देने पर भी चर्चा चल रही है। इस युद्धाभ्यास में अमेरिका और जापान के अलावा कनाडा, फ्रांस और न्यूजीलैंड जैसे देशों की भागीदारी ने इस क्षेत्र में एक मजबूत सुरक्षा नेटवर्क की झलक पेश की है।

जनभावना

## संपादकीय

# सुवेंदु अधिकारी के पीए की रहस्यमयी हत्या

### सियासी गलियारे के आरोप-प्रत्यारोप

**पश्चिम** बंगाल के विधानसभा चुनाव 2026 के जो परिणाम आए हैं उसको लेकर पश्चिम बंगाल के साथ-साथ सारे देश में इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद टीएमसी के कार्यालयों पर हमले शुरू हो गए। बड़े स्तर पर अनेक लोगों पर हमले हुए, जिसके चलते अब तक 6 से ज्यादा लोगों की मरने की खबरें सामने आई हैं। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना और वीर भूमि में भारी हिंसा हुई। टीएमसी के कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी की गई। उनके कार्यकर्ताओं की हत्या भी की गई। इसको लेकर राजनीति गरमा गई है। इसी बीच भाजपा के मुख्यमंत्री पद के संभावित नेता सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक की सड़क पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या करने का तरीका किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं रहा है। सड़क पर पहले कार को ओवरटेक कर रोका जाता है, फिर दो पहिया वाहने से हत्यारे आते हैं और गोलियां बरसा कर चले जाते हैं। इस हत्या को लेकर तरह-तरह के आरोप और प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। निजी सहायक चंद्रनाथ रथ को जिन अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी उन्हें लेकर भाजपा ने आरोप लगाया कि वे टीएमसी के थे। भाजपा का आरोप है कि टीएमसी के गुंडो ने रथ की हत्या की है। इससे पहले टीएमसी इस हत्या की जांच सीबीआई से करवाने की मांग कर चुकी है। इसके साथ ही इस मामले में अब टीएमसी भाजपा के ऊपर उल्टा आरोप लगा रही है। उसका आरोप है, कि जिस तरह से पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम के बाद टीएमसी के कार्यालय को तोड़ा गया, उनके कार्यकर्ताओं को मौत के घाट उतारा गया, उससे बचने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ही भाजपा यह आरोप लगा रही है। टीएमसी के नेताओं का तो यहां तक आरोप है, कि चंद्रनाथ रथ की हत्या स्वयं बीजेपी के द्वारा कराई गई है। दरअसल रथ के पास कई ऐसे राज थे, जिससे आगे चलकर खासी परेशानी खड़ी हो सकती थी। उन राजों को छिपाने के लिए ही चंद्रनाथ रथ की हत्या कराई गई है। टीएमसी के कार्यकर्ताओं का ना तो उससे कोई सीधा विरोध था ना ही वह किसी विवाद में शामिल थे। ऐसी स्थिति में यदि उसकी हत्या हुई है तो इसमें कोई ना कोई राज तो है, जिसे छिपाने के लिए उसकी हत्या की गई है।

हत्याकांड के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जो हमलावर थे वह बांग्लादेश की बॉर्डर की तरफ भागे थे। ऐसी स्थिति में यह भी कहा जा रहा है कि भाड़े के हत्यारे बांग्लादेश से बुलाए गए थे और उन्हीं के द्वारा यह हत्या कराई गई है। ताकि हमेशा, हमेशा के लिए चंद्रनाथ रथ के पास जो राज थे उसके सीने में ही दफन होकर रह जाएं और वह कभी उजागर ना हो सकें। बहरहाल जब से चुनाव अधिसूचना जारी हुई है, उसके बाद से संपूर्ण शासन-प्रशासन और हर गतिविधि में ममता सरकार या टीएमसी का कोई लेना-देना नहीं है। टीएमसी का आरोप है, जब लाखों की संख्या में अर्धसैनिक बलों को लाकर पश्चिम बंगाल में तैनात किया गया है, वही सारी व्यवस्थाओं को देख रहे हैं, ऐसी स्थिति में टीएमसी के ऊपर आरोप लगाकर सुवेंदु अधिकारी और भाजपा क्या छिपाना चाहती है? इसके लिए इस हत्याकांड की जांच बड़े स्तर पर सीबीआई द्वारा होनी चाहिए। जांच में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए और जो भी हत्यारे हों उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग टीएमसी की ओर से आ रही है। बहरहाल देश और पश्चिम बंगाल में जिस तरह की राजनीति हो रही है, उसमें इस तरह के आरोप एक दूसरे के ऊपर लगाना बड़ा आम हो गया है। लेकिन इतना तो तय है, निजी सहायक चंद्रनाथ रथ से टीएमसी और ममता बनर्जी का कोई खतरा या वास्ता था ही नहीं। ऐसी स्थिति में उसकी हत्या निश्चित रूप से किसी राजनीतिक कारणों से हुई है। यह राजनीतिक कारण अब सुवेंदु अधिकारी से जुड़ते चले जा रहे हैं, जिसके कारण पश्चिम बंगाल की राजनीति में बवाल मचा हुआ है। इस मामले का जितना जल्द निराकरण हो उतना अच्छा है, अन्यथा यह मामला आगे चलकर और भी हिंसात्मक घटनाओं को आगे बढ़ा सकता है। वैसे लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं होती है, इसलिए इस हत्याकांड की जितनी भी निंदा की जाए कम होगी।

– सनत जैन

## राज काज

### चुनाव खत्म होते ही रसोई गैस 161 रुपए किलो

जब तक पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव चल रहे थे। तब तक पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ाने से सरकार परहेज कर रही थी। 29 अप्रैल को जैसे ही बंगाल में मतदान समाप्त हुआ। उसके तुरंत बाद कमर्शियल गैस सिलेंडर और छोटू गैस सिलेंडर के रेट जबरदस्त बढ़ा दिए। 5 किलो वाला सिलेंडर जो मजदूर और गरीब सबसे ज्यादा वापरते हैं। वह सबसे महंगा हो गया है। 162 रुपए किलो में गरीबों को 5 किलो के सिलेंडर में रसोई गैस दी जा रही है। जो कमर्शियल गैस से भी महंगी है। इससे ज्यादा गरीबों का मजाक और क्या हो सकता है। सब्सिडी वाला सिलेंडर की सप्लाई कम की जा रही है। महंगी गैस लेने के अलावा अब और कोई चारा नहीं बचा।

### पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति में कमी

रूस से भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति अमेरिका की परमिशन से हो रही थी। जिसके कारण भारत को पेट्रोल और डीजल के संकट का ज्यादा सामना नहीं करना पड़ा। अब होमुर्ज की खाड़ी से जहाज नहीं आ पा रहे हैं। अमेरिका और ईरान दोनों ने प्रतिबंध लगा रखे हैं। कच्चे तेल के दाम बहुत बढ़ गए हैं। ऐसी स्थिति में अब भारत में तेल का भंडार कम होने लगा है। कभी भी डीजल और पेट्रोल के संकट के सामना भारत में करना पड़ सकता है। इसका असर दिखने लगा है। सरकार भी डीजल और पेट्रोल के रेट बढ़ाने के संकेत दे रही है। जैसे ही पेट्रोल डीजल की रेट बढ़ेंगे। उसमें महंगाई का जो बम फूटेगा, उससे अभी लोग भयभीत होने लगे हैं। आगे क्या होगा भगवान जाने।

### संघ से लेकर गांधी का सफर

अन्ना हजारे के आंदोलन और संघ की सहायता से केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बन गए। संघ और अन्ना को नाराज करके आम आदमी पार्टी बनाई। सत्ता का स्वाद चखा, करोड़ों के वारे न्यारे किये। अब उनकी पार्टी के 7 सांसद पार्टी छोड़कर भाजपा में चले गए। तब केजरीवाल को गांधी याद आने लगे। लोग कहने लगे हैं, अपनी सुविधा के अनुसार भगवान और नेताओं का चयन नेता कर लेते हैं। सच और झूठ का फैसला भी अपनी सुविधा के अनुसार कर लेते हैं। जितना पलीता जनतंत्र को केजरीवाल एंड कंपनी ने लगाया है। भारत के इतिहास में इससे ज्यादा पलीता और किसी ने नहीं लगाया।

### भारत अब केवल आश्रित है

पिछले डेढ़ दशक में हम आश्रित होते चले जा रहे हैं। आयात बढ़ता जा रहा है। निर्यात घटता चला जा रहा है। शेयर बाजार से विदेशी निवेश निकलता जा रहा है। 50 वर्षों में जो बनाया था, उसको बेचा जा रहा है। रही सही कसर डॉलर के मुकाबले रुपए के दाम गिरते चले जा रहे हैं। अब तो आयात करने के लिए विदेशी मुद्रा का टोटा शुरू हो गया है। अमेरिका ने सोलर पैनल पर 123 फ़ीसदी की ड्यूटी लगा दी है। अमेरिका का कहना है, चीन के सोलर पैनल हैं। मेक इन इंडिया का ठप्पा लगाकर अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है। इसलिए 123 परसेंट की ड्यूटी देनी पड़ेगी। जो थोड़ा-मोड़ा निर्यात हो रहा था।

# चुनावी फ़ैसला : विपक्ष की कमजोरी क्या है



प्रो. प्रदीप माथुर



हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में, विशेषकर मोदी युग के आगमन के बाद, अब राजनीति चुनाव-दर-चुनाव चलने लगी है। इस सप्ताह घोषित पाँच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों की चर्चा अभी पूरी तरह थमी भी नहीं है कि अगले वर्ष सात राज्यों में होने वाले चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनाव की बातें शुरू हो चुकी हैं।

लेकिन हालिया चुनाव हों या अगले वर्ष के चुनाव, एक प्रश्न हर ओर पूछा जा रहा है–2024 के लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद से विधानसभा चुनावों में विपक्षी दलों का इतना निराशाजनक प्रदर्शन क्यों हो रहा है? चुनावों की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं और पश्चिम बंगाल में तो पूरा चुनाव अभियान ही निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर केंद्रित रहा।

इसमें बहुत कम संदेह है कि नरेंद्र मोदी-अमित शाह शासन के दौरान न्यायपालिका, मीडिया तथा निर्वाचन आयोग और राज्यपाल कार्यालय जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर भारी दबाव रहा है, जिससे उनकी स्वतंत्र कार्यक्षमता प्रभावित हुई है। फिर भी चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर टिप्पणी करना कठिन है, लेकिन विपक्ष की खराब स्थिति का पूरा दोष केवल चुनावी धांधली या हेरफेर पर डाल देना उचित नहीं होगा। इसके पीछे कई अन्य कारण भी हैं। विपक्ष द्वारा इस स्थिति की लगातार आलोचना कुछ हद तक उचित अवश्य है, लेकिन केवल इतना भर किसी मजबूत और गहरे जमे हुए भाजपा शासन को सत्ता से हटाने के लिए आवश्यक जनसमर्थन जुटाने के लिए पर्याप्त नहीं है। यही कारण है कि पाँच राज्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद राजनीतिक हलकों में यह सवाल उठ रहा है कि जब ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में पूरी ताकत लगाने के बावजूद भाजपा को रोक नहीं सकीं, तो अन्य राज्यों में विपक्ष भाजपा के रथ को कैसे रोकेगा? हार से अधिक, सीटों के अंतर ने इन आशंकाओं को और मजबूत किया है। यद्यपि विपक्षी नेता खुलकर यह बात न कहें, लेकिन उनमें से अनेक स्वयं भी निकट भविष्य में भाजपा को सत्ता से हटाने की अपनी क्षमता को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। दरअसल, विपक्ष की सबसे बड़ी कमजोरी आत्मविश्वास की कमी है। अनेक विपक्षी नेताओं में पराजयवादी सोच और नियतिवादी मानसिकता विकसित हो चुकी है। सत्ता के लंबे सुख ने उनमें संघर्ष की भावना को कमजोर कर दिया है। गैर-कांग्रेसी विपक्षी नेता यह समझने में असफल रहे हैं कि जोड़-तोड़ और समझौतों के सहारे सत्ता में बने रहने का दौर समाप्त हो चुका है। भाजपा व्यवस्थित ढंग से ऐसे दलों का इस्तेमाल करती रही है और बाद में उन्हें राजनीतिक हाशिये पर धकेल देती है। मायावती की बसपा, नवीन पटनायक की बीजद, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और नीतीश कुमार की जदयू इसके उदाहरण हैं। आत्मविश्वास और संघर्षशीलता की कमी के अलावा विपक्ष में दो और गंभीर कमजोरियाँ हैं। पहली, बदलती राजनीतिक वास्तविकताओं का तार्किक और निष्पक्ष आकलन करने तथा आवश्यक सुधार करने की क्षमता का अभाव; और दूसरी, विपरीत परिस्थितियों में भी वैचारिक प्रतिबद्धता की कमी। यही दोनों कारक भाजपा-आरएसएस शासन को चुनौती देने की विपक्ष की क्षमता के सबसे बड़े अवरोध हैं। काफी प्रयासों और बड़े प्रचार के बाद बना विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' भाजपा के सामने प्रभावी चुनौती क्यों नहीं बन पाया, यह गंभीर आत्ममंथन का विषय है। यह और भी आश्चर्यजनक है कि मोदी सरकार की अनेक मोर्चों पर विफलताओं के बावजूद विपक्ष ऐसा कोई मजबूत नैरेटिव तैयार नहीं कर सका, जो भाजपा शासन को प्रभावी ढंग से चुनौती दे सके। स्पष्ट है कि विपक्ष को अपनी स्थिति और संभावनाओं का आकलन करने के लिए गंभीर स्ूह्ह्ज्ञ विश्लेषण की आवश्यकता है। उसे गहन आत्मविश्लेषण करना होगा कि आखिर उससे गलती कहाँ हो रही है। विपक्ष को दो मूलभूत बातें सीखनी होंगी। पहली, जब मुकाबला आरएसएस-भाजपा जैसे शक्तिशाली और संगठित प्रतिद्वंद्वी से हो, तब केवल चुनावी लाभ के लिए एकत्रित स्वार्थी दलों का ढीला-ढाला गठबंधन सफल नहीं हो सकता। दूसरी, राजनीतिक विचारधारा में विश्वास सुविधा का नहीं बल्कि दृढ़ आस्था का विषय होता है। विपक्षी गठबंधन का दावा भाजपा-आरएसएस की सांप्रदायिक और विभाजनकारी राजनीति का विरोध करना है, जो हिंदुत्व की उस राजनीति का समर्थन करता है जिसे उदार और समावेशी हिंदू आस्था का तालिबानी संस्करण कहा जा सकता है।

लेकिन विडंबना यह है कि इस गठबंधन में शामिल अनेक नेताओं के भाजपा और उसकी अल्पसंख्यक-विरोधी राजनीति से पुराने और घनिष्ठ संबंध रहे हैं। एक समय तो इंडिया गठबंधन की कमान लगभग नीतीश कुमार को सौंपे जाने की स्थिति बन गई थी, जो मोदी की भाजपा के सहारे राजनीति कर रहे थे और लालू यादव के साथ मिलकर सत्ता में आए थे। बाद में बिहार में जो कुछ हुआ, वह किसी से छिपा नहीं है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि अन्ना हजारे का भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन आरएसएस के गुप्त समर्थन से चलाया गया था। अरविंद केजरीवाल, जिन्हें छात्र जीवन में एबीवीपी से जुड़ा माना जाता है, ने अपने संगठन से प्रशांत भूषण और योगेंद्र यादव जैसे सभी आरएसएस-विरोधी तत्वों को बाहर कर दिया। यह भी सर्वविदित है कि आम आदमी पार्टी ने गोवा, गुजरात, हरियाणा और पंजाब में कांग्रेस की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुँचाया, जिससे भाजपा को लाभ मिला। बाद में जब केजरीवाल की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएँ बढ़ीं, तब उनका मोदी से टकराव हुआ और वे भाजपा-विरोधी बन गए। अब ममता बनर्जी की राजनीतिक पृष्ठभूमि पर भी नजर डालें, जिन्हें मोदी सरकार की सबसे दृढ़ विरोधी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने 1997 में कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस बनाई और पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रवेश को आसान बनाया। 1999 में वे भाजपा-नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल हुईं और रेल मंत्री बनीं। 2001 में बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में ममता ने भाजपा को अपना 'स्वाभाविक सहयोगी' बताया था। 2003 में वे पुनः एनडीए सरकार में शामिल हुईं और आरएसएस के मुखपत्र पांचजन्य ने उन्हें 'बंगाल की दुर्गा' कहा। भाजपा नेताओं ने भी बार-बार यही भावना व्यक्त की। यहाँ तक कि जुलाई 2022 में तृणमूल कांग्रेस ने उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा का समर्थन करने से इनकार कर दिया। वास्तव में इंडिया गठबंधन में रहते हुए भी उन्होंने उसे कमजोर करने का काम किया। 'खरगोश के साथ दौड़ना और शिकारी कुत्तों के साथ शिकार करना' एक पुरानी कहावत है। ऐसे नेताओं और दलों के रहते यह आश्चर्य की बात नहीं कि विपक्ष सत्ता में बैठे एक संगठित, संसाधन-संपन्न और निर्लज्ज राजनीतिक दल की चुनाव-दर-चुनाव बढ़ती ताकत को रोक पाने में विफल हो रहा है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और मेडियामैप न्यूज़ नेटवर्क के प्रधान संपादक तथा सामाजिक संस्था एमबीकेएम फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं।)**

# पीड़ा के अंधेरों में उम्मीद का दीप जलाता रेडक्रॉस और रेडक्रिसेंट आंदोलन



सुनील कुमार महला

हर साल 8 मई को मानवता, सेवा, करुणा और निःस्वार्थ सहायता के भाव को समर्पित विश्व रेडक्रॉस और रेडक्रिसेंट दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संकट, युद्ध, आपदा या महामारी जैसी परिस्थितियों में निस्वार्थ सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। रेड क्रॉस का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना और मानव जीवन की रक्षा करना है। यह दिवस समाज में मानवता, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है।पाठकों को बताता चलूं कि मानव सेवा और राहत कार्यों के लिए प्रसिद्ध संगठन इंटरनेशनल रेड क्रॉस एवं रेड क्रेसेन्ट मूवमेंट के संस्थापक जीन हेनरी डुनेंट, जिन्हें रेड क्रॉस आंदोलन का जनक भी माना जाता है, की जयंती पर यह दिवस मनाया जाता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि हेनरी ड्यूनेन्ट को उनके अभूतपूर्व मानवीय कार्य के लिए 1901 में दुनिया का पहला नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। बहुत कम लोग जानते हैं कि रेड क्रॉस इतिहास का इकलौता ऐसा संगठन है जिसे एक या दो बार नहीं, बल्कि तीन बार नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। मसलन, 1917 में (प्रथम विश्व युद्ध के दौरान मानवीय कार्यों के लिए), 1944 में (द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए) तथा 1963 में (संगठन की 100वीं वर्षगांठ पर) में इसे पुरस्कार दिया जा चुका है। इसके अलावा, इसके संस्थापक हेनरी ड्यूनेन्ट को मिला पहला नोबेल पुरस्कार (1901) जोड़ लिया जाए, तो इस आंदोलन के खाते में कुल 4 नोबेल पुरस्कार आते हैं।

वास्तव में, इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य युद्ध, आपदा और संकट के समय मानवता की सेवा करने वालों का सम्मान करना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस पूरी दुनिया में आपदा, युद्ध, किसी महामारी और संकट के समय लोगों की सहायता करने वाले लाखों स्वयंसेवकों और कर्मचारियों को सम्मान देने के क्रम में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भी दुनिया में बहुत से लोग आपदाओं, युद्ध, तनाव आदि से पीड़ित हैं और यह दिवस ऐसे लोगों की सहायता,मदद के लिए आम लोगों को प्रेरित और प्रोत्साहित करता है। यह लोगों को रक्तदान करने, महामारी या युद्ध से पीड़ित लोगों का प्राथमिक उपचार करने और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करने, उन्हें समय पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को समर्पित है। यह वोलंटियर्स के योगदान का सम्मान करता है तथा उन्हें मान्यता देता है। मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता,स्वतंत्रता,स्वैच्छिक सेवा,एकता तथा सार्वभौमिकता इस दिवस के मूल व अहम् सिद्धांत हैं।

## जरा हटके

### हेलमेट वो भी 4 करोड़ रुपये का....क्या इसमें जड़े हैं हीरे-जवाहरात

**वाशिंगटन,(ईएमएस)।** हेलमेट लगाकर वाहन चलाने का संदेश इसलिए दिया जाता है, ताकि सुरक्षित यात्रा हो। अपने जीवन की सुरक्षा के लिए लोग अच्छा खासा पैसा खर्च भी करते हैं, लेकिन क्या कोई हेलमेट हजार या लाख का नहीं करोड़ों का भी हो सकता है? तो बता दें कि जी हाँ ऐसे महंगे हेलमेट को फाइटर जेट के पायलट पहनते हैं।

दरअसल एफ-35 फाइटर जेट का लाइटनिंग-2 वर्जन दुनिया का सबसे आधुनिक स्टेल्थ फाइटर जेट कहा जाता है। इस जेट के पायलट जो हेलमेट पहनते हैं, वह दुनिया का सबसे सोफिस्टिकेटेड वीयरेबल टेक्नोलॉजी वाला होता है, जो बड़े पैमाने पर सैन्य उपयोग के लिए तैयार किया गया है। यह सिर्फ पायलट के सिर की ही सुरक्षा नहीं करता, बल्कि पायलट के लिए पूरा कॉकपिट उसके चेहरे पर ला देता है।

इस अद्भुद हेलमेट को हेलमेट माउंटेड डिस्प्ले सिस्टम (एचएमडीएस) कहा जाता है। इसमें छह कैमरे जेट के शरीर के चारों ओर देखने के लिए लगे होते हैं। ये कैमरे 360 डिग्री का पूरा नजारा लेते हैं और इस एक सिंगल, सीमलेस फीड में बदलकर हेलमेट के वाइजर पर प्रोजेक्ट कर देते हैं। इसका अर्थ यह हुआ, कि पायलट अगर नीचे देखता हैं, तब जेट के फ्लोर के पार से जमीन दिखाई देती है, जैसे जेट का फर्श पारदर्शी हो। पायलट बिना सिर घुमाए चारों तरफ देख सकता है। यही नहीं इस हेलमेट पर नाइट विजन, टारगेटिंग डेटा, फ्लाइट की स्पीड, ऊंचाई, खतरे की चेतावनी और अन्य जरूरी जानकारी सीधे वाइजर पर दिखाई देती है।

ऐसे महज एक हेलमेट की कीमत करीब 4 करोड़ रुपये यानी 4 लाख डॉलर बताई गई है। यह कीमत इसलिए है क्योंकि हर हेलमेट पायलट के सिर के साइज के हिसाब से तैयार किया जाता है। इसमें हाई-रेजोल्यूशन लेजर स्कैनिंग, 3डी मॉडलिंग और स्पेशल फिटिंग की प्रक्रिया होती है, जिसमें दो दिन लग सकते हैं।

## फोटो ऑफ द डे




तेहरान की एक सड़क के पास लगीं दिवंगत सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अल खमनेई की तस्वीरों के पास से गुजरते हुए। (फोटो-ईएमएस)।

## व्यंग्य

# आखिर ऐसा क्यों होता है

-अलका पाठक

आज बेटी का जनम पाने का अफ़सोस हो रहा है। कई दिनों से मैं इस गहन चिंता में थी कि मेरा हीरा जनम, कौड़ी बदले क्यों जा रहा है? मेरे संगी-साथी नहीं, जूनियर भी, कहाँ से कहाँ से पहुँच गए और मैं ख्याली पुलाव पकाती, जहाँ की तहाँ बैठी हूँ। आत्ममंथन, आत्मज्ञान आदि-आदि के बाद आज मैं इस निष्कर्ष पर पहुँची हूँ कि मेरा बेटी, पत्नी, माँ अर्थात कुल मिलाकर स्त्री होना, मेरी राह का सबसे बड़ा रोड़ा है। हमारे यहाँ बेटियाँ पाँव नहीं छूतीं। विवाह के समय बेटियों के पाँव छुए जाते हैं। नवरात्रों में कन्याओं के पैर पूजे जाते हैं। एक उच्चाधिकारी के सामने दो प्रतिभाएँ होती हैं। एक बालक, एक बालिका। गुण-योग्यता बराबर। बालक श्रद्धानत होकर उच्चाधिकारी के चरण आते-जाते छू लेता है। बालिका खीसें निपोरती रह जाती है। परिणाम क्या? सेवा का फल बालक की झोली में जा पड़ता है। चरण-स्पर्श बराबर वज़न पर पासंग का काम करता है।

दृष्टांत को दफ्तर के दुधारे गलियारे से निकाल साहित्य की सरस गली में ले जाती हूँ। तुलसी की कविता पूजा में स्थान पा गई और मीरा की विष का प्याला। कारण साफ़ है। तुलसीदास शुरू ही चरण वंदना से हुए - 'श्री गुरु चरण सरोज रज।' मीरा को चरण कमल प्राप्त ही नहीं हुए। गुरु के चरणों में शीश नवाए बिना रचना सफलता को प्राप्त हो ही नहीं सकती। अगर पाँव परसने बेटी आती तो पाप लगता। बहन-बेटी से पाँव छुआते नहीं। माँ के पाँव छुए जाते हैं। रह गई बीवी सो चरणदासी और प्रियाओं का वास हृदय में। साहित्यकारों ने अपनी श्रीमतियों को साहित्य में प्रोत्साहित नहीं किया। मुकाबला हो जाता। जहाँ टक्कर काँटे की थी, वहाँ डगर भी कंटकाकीर्ण ही रही। प्रियाओं को अलबत्ते लोगों ने प्रोत्साहित किया। प्रोत्साहन था, पर इतना ही था, जिसके चलते प्रिया अनुगामिनी और वामांगी रहे। आगे निकलने को हुई तो बता दी रहस्य की बात। उनके लिए हम ही लिखते थे! अब कौन दुष्ट हस्तलेख का विशेषज्ञ से परीक्षण कराने जाएगा? कह दिया सो सिद्ध! वो झूठ बोलेगा मुझे लाजवाब कर देगा। मैं सच बोलूँगी तब भी हार जाऊँगी। वह भाईसाहबों और भाभीजियों के पाँव छू-छूकर साहित्य में दाखिल हुए और जगह छेककर बैठ गए। बेचारी बहनें भाईसाहबों के स्वेटर ही बुनती रह गईं। आदमी का असली चेहरा पहचान ही न सकीं। असलियत न चेहरा बताता है, न वस्त्र। बोली तो होती है धोखा। आँखें देती हैं दगा। ऐसे में इनसान का असल रूप जानने का ज़रिया है उसकी चरणपादुकाएँ।

चेहरा न देखिए, सिर्फ़ चरणों पर निगाहें जमाकर बैठें। पादुकाएँ इनसान का पूरा हाल बताती हैं। जो सड़कों पर चलते हैं, (चलना और टहलना अलग है)। द्वार से वाहन तक चलना और वाहन से उतरकर बिल्डिंग से सामना, चलना नहीं है। चलना वह, कि जहाँ इनसान का सफ़र पाँवों के भरोसे ही पूरा होता हो। ऐसे सड़क अनुरागियों के पैर में पादुकाएँ होती हैं। बेचारी पादुकाएँ! घिसते जाना और घिसटते जाना ही उनकी नियति है, स्त्रीलिंग जो ठहरी। जो शान से चमकता है और काटता भी है वह होता है जूता यानी यहाँ भी शान मर्द की। वह बड़े-बड़े रईसों के पैर की शोभा बढ़ाता है।

## सुविचार

यदि तुम्हारे हृदय के तार मुझसे जुड़ गए हैं तो अनंतकाल तक आवाज़ देता रहूँगा। **- आचार्य रजनीश**

नर हो न निराश करो मन को। कुछ काम करो, कुछ काम करो। जग में रहकर कुछ नाम करो? -

## प्रसंग

### सेवा का रास्ता

ऑस्ट्रिया में पैस्टोला नामक एक छात्र डॉक्टरी पढ़ रहा था। एक दिन जब वह कहीं जा रहा था, तो रास्ते में उसे एक बच्चा मिला। एक छोटे से बच्चे को अकेला देखकर पैस्टोला ने उसे अपने साथ ले लिया। उसने उसके अभिभावकों को खोजने के लिए पुलिस में सूचना दी काफी दिनों तक जब बच्चे के अभिभावकों का कुछ पता न चला तो पैस्टोला ने उसे एक अनाथालय में रखवा दिया। पर उसे उस बालक से बेहद लगाव हो गया था, इसलिए वह अक्सर उसे अनाथालय में देखने आता और उसके लिए कुछ उपहार भी लाता। धीरे-धीरे पैस्टोला ने नोट किया कि अनाथालय में बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था तो है, लेकिन वहां के कर्मचारियों में दयाभाव नहीं है। इसलिए बच्चे उन कर्मचारियों के संरक्षण में ढंग से विकसित नहीं हो पा रहे हैं। पैस्टोला ने अपनी पढ़ाई खत्म होते ही एक आंदोलन चलाया और निःसंतान तथा छोटी गृहस्थी वाले लोगों से अनुरोध किया कि वे अनाथ बच्चों को अपने परिवार में सम्मिलित कर लें और उन्हें लाड़-प्यार से पालें। ऐसा करने से बच्चों का समुचित विकास हो पाएगा और उन्हें जीने की राह मिल पाएगी। पैस्टोला के इस आंदोलन का लोगों पर सकारात्मक असर हुआ। अनेक उदार, धनी व शिक्षित लोगों ने ऐसे असहाय बच्चों को अपने परिवार में शामिल कर लिया। आत्मीयता एवं अपनत्व भरे माहौल में उन बच्चों का विकास होने लगा। पैस्टोला ने उन अनाथ बच्चों की देख-रेख में अपना जीवन लगा दिया। वह आजीवन अविवाहित रहा। पैस्टोला ने अनाथ बच्चों का पालन-पोषण करने के अलावा विधवाओं व वृद्धाओं की भी निःस्वार्थ मदद की। अपनी पूरी आमदनी उसने जरूरतमंदों पर लगाई। पैस्टोला की प्रेरणा से अनेक उदार लोगों ने भी अपने परिवारों में निराश्रितों को सम्मिलित किया। धीरे-धीरे यह आंदोलन दूर-दूर तक फैल गया।

## चिंतन-मनन

### व्यापारी के बेटे

एक व्यापारी के दो पुत्र थे। मरने से पहले उसने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बराबर-बराबर बांट दी। एक पुत्र ने अपने व्यापार को काफी बढ़ाया। वह अत्यंत संपन्न होकर समाज के प्रतिष्ठत लोगों में गिना जाने लगा। जबकि दूसरे को व्यापार में घाटा हो गया और उसके परिवार को दो जून की रोटी जुटाने में भी अत्यंत तकलीफें उठानी पड़ीं। अपने भाई की तरक्की और अपनी दुर्दशा देखकर दूसरा भाई एक संत के आश्रम में पहुंचा और बोला, महाराज, मुझे लगता है कि ईश्वर केवल कल्पना है और यदि उसका अस्तित्व कहीं है भी तो वह पक्षपाती है। क्या वह भी पक्षपात करता है? मैं और मेरे भाई दोनों एक ही पिता की संतान हैं। पिता ने दोनों को बराबर हिस्सा दिया। लेकिन वह लगातार तरक्की कर रहा है और मैं रसातल की ओर जा रहा हूं। भला ऐसा क्यों? उसकी बात सुनकर संत उसे अपने साथ एक बगीचे में ले गए और बोले, देखो, वहां एक कोने में गन्ना बोया हुआ है, दूसरे कोने में चिरायता है, एक ओर चमेली के फूल अपनी सुगंध बिखेर रहे हैं तो दूसरी ओर गुलाब के पौधों पर फूलों के साथ कांटे भी नजर आ रहे हैं। इनकी इस भिन्नता के लिए इन्हें पैदा करने वाली जमीन दोषी या पक्षपाती नहीं है। जैसा बीज बोया गया है वैसा ही फल मिला है। सुख-दुख और उन्नति-अवनति के लिए ईश्वर जिम्मेदार नहीं बल्कि स्वयं मनुष्य जिम्मेदार है। उसके कर्म और संस्कार जिम्मेदार हैं। तुम्हारे भाई ने मेहनत और योग्यता से अपने काम को संभाला तो उसकी उन्नति होती गई, इसके विपरीत तुमने आलस्य और भोग-विलास में अपना समय व्यतीत किया तो तुम्हारा धन धीरे-धीरे खत्म होता गया।

## स्वास्थ्य

### लंबे समय तक जोड़ों में दर्द हो सकता है बीमारी का संकेत

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** यदि शरीर में जोड़ों की अकड़न लंबे समय तक बनी रहती है, खासकर एक घंटे या उससे अधिक, तो यह शरीर में किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। अक्सर लोग इसे सामान्य थकान या नींद की मुद्रा का परिणाम मानकर अनदेखा कर देते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, यह सूजन, ऑटोइम्यून बीमारी या जोड़ों से जुड़ी किसी अन्य अंतर्निहित समस्या का प्रारंभिक संकेत हो सकता है जिसे गंभीरता से लेना आवश्यक है। जब व्यक्ति सोता है, तो शरीर कई घंटों तक लगभग एक ही स्थिति में रहता है, जिससे जोड़ों के बीच मौजूद सिनोवियल द्रव, जो हड्डियों को चिकनाई प्रदान कर आसानी से गति करने में मदद करता है, थोड़ा गाढ़ा होने लगता है। सामान्य परिस्थितियों में, जैसे ही शरीर हरकत में आता है और रक्त संचार बढ़ता है, यह द्रव फिर से अपनी सामान्य तरलता प्राप्त कर लेता है और जकड़न कम हो जाती है। लेकिन अगर शरीर में कोई सूजन या जोड़ों की बीमारी मौजूद हो, तो यह अकड़न असामान्य रूप से लंबे समय तक बनी रह सकती है, जिससे सुबह उठने के बाद चलने-फिरने में काफी परेशानी होती है। मेडिकल रिसर्च और नैदानिक अवलोकन के अनुसार, सुबह लंबे समय तक रहने वाली यह जकड़न रुमेटाइड आर्थराइटिस जैसी गंभीर ऑटोइम्यून बीमारी का एक प्रमुख लक्षण हो सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला युवक को धमकाया

इंदौर। फरियादी निर्मला पति विनोद साहू निवासी अमर टेकरी के साथ दिनेश चौहान ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वही ऋषि पैलेस कॉलोनी में रहने वाले योगेश मालवीय के साथ जितेंद्र सोलंकी ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### यात्री की अटैची चुराई

इंदौर। फरियादी राजेंद्र पिता मोहनलाल गर्ग निवासी जानकीनगर की अटैची रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 2 से अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया जिसमें नगदी और अन्य दस्तावेज रखे थे। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया।

### विवाद करते 6 धराए

इंदौर। गांधीनगर पुलिस ने बीच रोड पर हंगामा करते हुए अशोक सेन कमल पाल पवन चौहान धर्मेंद्र साहू और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### व्यापारी का लैपटॉप चुराया

इंदौर। फरियादी आनंद पिता किशन लाल आहूजा निवासी त्रिवेणी कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि सियागंज स्थित दुकान के काउंटर पर लैपटॉप रखा था जिसे अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है।

### किशोर का अपहरण

इंदौर। धीरज नगर खजराना में रहने वाले बसंत पिता शंकर लाल गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 15 वर्षीय बेटा श्याम को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

### पांच नशेड़ीधराए

इंदौर। अन्नपूर्णा पुलिस में नेता महावर नगर में गांजा पीते हुए यशवंत कोहली संजय चौधरी संदीप वर्मा राजेश पवार और भारत रघुवंशी को पकड़ा। इनके पास से नशे की पुड़िया भी बरामद की है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### उधार नहीं देने पर चाकू मारा

इंदौर। फरियादी दिलीप पिता चंद्रकांत चौधरी निवासी नौलखा ने पुलिस को बताया कि अशोक माली को उधारी में किराने का सामान नहीं दिया तो उसने चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### टक्कर से चाचा भतीजे घायल

इंदौर। एरोड्रम रोड पर एक्टिवा पर जा रहे अरविंद शर्मा और भतीजा मनीष शर्मा को कार ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### गांजा सहित दो बंदी

इंदौर। विजयनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार नरेंद्र सिसोदिया और विशाल यादव को पकड़ा। इनके पास से 730 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### महिला ने जहर खाया

इंदौर। ललिताबाई पति बसंत मकवाना 45 साल निवासी विदुर नगर ने पारिवारिक विवाद के चलते जहर खा लिया जिसे परिजन ने बड़े अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हथियार सहित चार बंदी

इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने शुभम मालवीय से गुप्ति और अजय सोलंकी से चाकू बरामद किया है। इसी प्रकार गांधीनगर पुलिस ने महेश राठौर से तलवार और गोपाल परिहार से चाकू बरामद किया है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### ठेकेदार ने सिर फोड़ा

इंदौर। स्कीम नंबर 78 में रहने वाले कैलाश पिता मदनलाल बर्मा ने पुलिस को बताया कि ठेकेदार सुनील चौहान से मजदूरी के बकाया पैसे लेने गया तो उसने सिर पर डंडा मार दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### बाइक में की तोड़फोड़

इंदौर। बिचोली हप्सी में रहने वाले दिलीप पिता रमेश चंद्र ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल में क्षेत्र में रहने वाले श्याम चौहान ने तोड़फोड़ की और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### दहेज के लिए धमकाया

इंदौर। फरियादी सुनीता भावसार 30 साल निवासी जनता क्वार्टर की रिपोर्ट पर पति नितिन भावसार सास अंजलि भावसार ससुर लक्ष्मी नारायण भावसार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की धाराओं में पुलिस ने केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसे मायके से 5 लख रुपए लाने के लिए प्रताडति कर रहे थे।

### गैस सिलेंडर चुराते पकड़ाया

इंदौर। स्कीम नंबर 78 में रहने वाले सुरेश पिता जानकी लाल की होटल के बाहर रखा गैस सिलेंडर चुरा कर ले जाते हुए नितिन पिता पन्नालाल माली को रंगे हाथों पकड़ा और उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### जेठ ने की छेड़छाड़

इंदौर। नंदबाग कॉलोनी में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि वह घर में अकेली थी तभी जेठ अशोक पिता नरेश पाल ने छेड़छाड़ की शोर मचाया तो धमकी देकर भाग गया।

मोबाइल फोन के लिए युवक की हत्या

## कंपनी से घर जा रहे युवक को चोर ने मारे थे चाकू



इंदौर।

देहात थाना क्षेत्र में कंपनी से घर बुलेट पर जा रहे युवक की मोबाइल फोन लूटने के मामले में चोर ने चाकू मार कर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम राहुल पिता चंदन सिंह पवार राजपूत 30 साल निवासी बेटमा है। भाई रवि पवार नए दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मेरा भाई राहुल 5 मई की दोपहर 3 बजे कंपनी मैं नौकरी पर जाने के लिए बुलेट से घर से निकला था। राहुल की कंपनी से छुट्टी रात 12 बजे हो जाती है और वह 12:10 बजे तक घर आ जाता है, लेकिन राहुल घर नहीं आया तो मैं राहुल को मोबाइल फोन लगाया तो बंद मिला। इस बार में अपनी मोटरसाइकिल लेकर राहुल को तलाश में गया। सागर कुटी रोड से होते हुए ग्राम काली बिलोद से सिंधीपुरा वाले रास्ते पर गया तो वहां भीड़ लगी हुई थी, मैंने देखा तो मेरा भाई राहुल पड़ा था। मैंने आसपास के लोगों से पूछा तो जादू सिंह पिता मानसिंह ने मुझे बताया कि नल तरफ से घबराते हुए युवक आया और पीने का पानी मांगा उसके कपड़े पर खून लगा था, मैंने पूछा तो उसने बताया कि मैं बुलेट से घर जा रहा था तभी भैरू बाबा मंदिर के पास चोर ने मोबाइल लूटने के लिए मुझे चाकू मार दिया और भाग गया। रवि पवार के मुताबिक राहुल की पीठ और कमर और पेट पर चाकू के घाव पाए गए हैं जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहुल के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। बेटमा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

## राहगीरों से मोबाइल लूटने वाला पकड़ाया

### पुलिस को देखकर भागने में टूटा हाथ



इंदौर 7 मई कनाडिया थाना पुलिस ने राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने आधा दर्जन वारदात कबूल की है।

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने लूट और अन्य वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को निर्देश दिए हैं। इसी के चलते पुलिस उपायुक्त कुमार प्रतीक, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त कुंदन सिंह मंडलोई के निर्देशन में कार्य योजना बनाई गई।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिचोली हैप्सी रोड पर खड़े एक युवक को पकड़ा तो वह भागने लगा जिससे उसके हाथ में गंभीर चोट आई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अखिलेश पिता हरि सिंह रावत निवासी मुसाखेड़ी बताया।

आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, चाकू और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। टी आई सहर्ष यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न स्थानों में लूट, मारपीट आदि के कई प्रकरण दर्ज है। उसने विभिन्न थाना क्षेत्र में आधा दर्जन मोबाइल लूटने की वारदात कबूल की है।

वार्ड 35 के दौरे पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव

## सड़क से स्वच्छता तक एक्शन मोड में महापौर वार्ड 35 के दौरे में दिए त्वरित निर्देश



इंदौर।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गुरुवार को वार्ड क्रमांक 35 का दौरा कर स्थानीय नागरिकों से स्वच्छता संवाद किया। इस दौरान उनके साथ पार्षद राकेश सोलंकी एडिशनल कमिश्नर श्रृंगार श्रीवास्तव, नगर निगम के जोनल अधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

दौरे के दौरान महापौर ने स्थानीय रहवासियों से चर्चा करते हुए क्षेत्र में लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने पर संतोष व्यक्त किया। नागरिकों ने नई सड़क निर्माण के लिए महापौर का आभार जताते हुए बताया कि इससे आवागमन में काफी सुविधा मिली है। साथ ही रहवासियों ने मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली एक अतिरिक्त सड़क निर्माण की मांग भी रखी। स्थानीय नागरिकों ने कॉलोनी में नई स्ट्रीट लाइट लगाने तथा बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को पुन: चालू कराने की मांग भी महापौर के समक्ष रखी। इस पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्षेत्र के उद्यानों का भी अवलोकन किया। उन्होंने जिन उद्यानों में बाउंड्री वॉल नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि वार्ड को एक पूर्ण विकसित उद्यान उपलब्ध कराया जाएगा।

वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक पाए जाने पर महापौर ने स्थानीय रहवासियों, स्वच्छता अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। दौरे के अंतर्गत महापौर ने क्षेत्र के विभिन्न सिटी प्रोफाइल पॉइंट्स का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने तलावली चंदा तालाब का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां एक अतिरिक्त निर्माल्य कुंड बनाया जाए, ताकि तालाब में कचरा एवं धार्मिक सामग्री फेंके जाने से रोका जा सके।

## कार पर स्टंट करने वाले युवक को गिरफ्तार किया



इंदौर।

भंवरकुवा पुलिस ने कार में स्टंट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भंवरकुवा थाना प्रभारी संतोष दूधी के मुताबिक बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो वायरल होते देखा। वीडियो में कार का ड्राइवर और उसका दोस्त भंवर कुवा क्षेत्र में कार से स्टंट करते हुए वहांन चल रहा था जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना था। पुलिस ने इस मामले में कार मलिक प्रतीक पिता मनोज निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग को पकड़ा तो वह कान पकड़कर माफी मांगने लगा। पुलिस उसके अन्य साथी की तलाश कर रही है।

## पूर्व कर्मचारी ने ही ऑफिस में की चोरी

**1.70 लाख की चोरी का पर्दाफाश, 1.50 लाख रुपये नगद बरामद**



इंदौर।

शहर के विजयनगर थाना क्षेत्र में एक ऑफिस में हुई सवा लाख से अधिक की चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी कोई और नहीं, बल्कि उसी ऑफिस का पूर्व कर्मचारी है, जिसने काम से निकाले जाने के गुस्से और बदले की भावना में इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार, फरियादी दीपक पिता बाबूराव काले (निवासी पुष्प विहार एक्सटेंशन) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एन.आर.के. बिजनेस पार्क स्थित उनके ऑफिस की दराज से अज्ञात चोर ने 1,70,000/- रुपये पार कर दिए हैं। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी चन्द्रकांत पटेल के नेतृत्व में गठित टीम ने जब मल्टी के 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो एक संदिग्ध व्यक्ति हेलमेट और रूमाल से चेहरा ढके हुए नजर आया। सायबर सेल और मुखबिरों की मदद से उसकी पहचान संजय बड़ोदिया (28), निवासी मुसाखेड़ी के रूप में हुई। पुलिस ने घेराबंदी कर संजय को हिरासत में लिया। क?ी पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह इसी ऑफिस में काम करता था, लेकिन कुछ दिन पहले उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इसी का बदला लेने के लिए उसने ऑफिस की रेकी की और मौका पाकर चोरी कर ली। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई राशि में से 1,50,000/- रुपये नगद बरामद कर लिए हैं। आरोपी ने बताया कि शेष 20,000/- रुपये उसने अपने वाहन की मरम्मत और खाने-पीने में खर्च कर दिए।

श्री श्री रविशंकर के 70 वे जन्म दिवस पर आयोजन

## सामूहिक विवाह की तैयारियाँ शुरू



इंदौर।

आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रविशंकर जी के 70 वे जन्म दिवस पर संस्था द्वारा राघव कृपा फार्म हाउस बिचोली हप्सी में 10 मई को 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह आर्ट ऑफ़ लिविंग एवं नयनतारा स्पोर्ट्स एंड योगा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा कराया जा रहा है बैंगलोर आश्रम से 30 पंडित विवाह समारोह को संपन्न कराने आ रहे हैं, श्री रवि शंकर विवाह समारोह में वर्चुअली जूड़कर वर बधुओं को आशीर्वाद देंगे, इस विवाह समारोह में मंत्री तुलसी सिलावट को वर वधुओं को आशीर्वाद देने के लिए संस्था के पदाधिकारी ने निमंत्रण पत्र दिया इस अवसर पर समाजसेवी अशोक गोयल,आर्ट ऑफ़ लिविंग के कोऑर्डिनेटर मनीष

## चोरी के लगे आरोप से परेशान युवक ने किया सुसाइड

इंदौर।

चंदन नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने चोरी के लगे आरोप से परेशान होकर फांसी लगाकर जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम फरदीन पिता अब्दुल हाफिज अंसारी 22 साल निवासी 346 ग्रीन पार्क कॉलोनी है। बताया जाता है कि इमरान नमक युवक ने अपनी इलेक्ट्रिक दुकान में चोरी करने का आरोप फरदीन अंसारी पर लगाया था। पुलिस ने फरदीन से इस मामले में पूछताछ की थी। फिर उसका इमरान से राजीनामा हो गया जिसे पुलिस ने छोड़ दिया था। बताया जाता है कि फरदीन ने अपने ऊपर लगे आरोप से घर में फांसी लगा ली। पता चलने पर परिजनों ने उसे फंदे से उतरा और जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चंदन नगर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। बीमारी से परेशान किशोर ने लगाई फांसी। मोहित पिता भीमराव 17 साल ने घर मेंफांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## पलासिया चौराहे पर देर रात दो कारों में जबरदस्त भिड़ंत, एक गंभीर

### कार से मिला नशे का सामान



इंदौर।

बुधवार देर रात पलासिया चौराहे पर दो कारों में आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। इन ए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा उसे वक्त हुआ जब व्हाइट चर्च चौराहे की ओर से आ रही एक कार को रीगल की तरफ जा रही दूसरी कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार सड़क पर घूम गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल विनायक निवासी महेश्वर और उसके साथी को निजी अस्पताल भेजा गया। विनायक की हालत नाजुक बनी हुई है।

#### कार से मिला नशीला पदार्थ

पुलिस ने बताया कि एक कार की तलाशी के दौरान गोगो पेपर सहित नशे में उपयोग होने वाला अन्य सामान मिला है। जांच में यहां भी सामने आया है की टक्कर मारने वाली कार में सवारी युवक नशे की हालत में थे।

#### रफ्तार में दौड़ रही कार पलटी

बुधवार रात राहु क्षेत्र में तेज रफ्तार में दौड़ रही कार पलट गई। कार सड़क किनारे स्थित एक मकान के सामने के हिस्से में घुस गई। घटना की सूचना मिलत ही पुलिस और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई।

## वन विभाग ने की अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई

**मनासा के मोकड़ी में 12 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त**

**नीमच।** नीमच वन विभाग ने वन क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए एक बड़ी और सफल कार्रवाई को अंजाम दिया है।

जिसके तहत लगातार तीन दिनों तक चले इस सघन अभियान में सबरेंज की बीट मोकड़ी में कुल 12 हेक्टेयर बेशकीमती वन भूमि को अतिक्रमण के प्रयास से मुक्त कराकर सुरक्षित कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ ग्रामीणों द्वारा मनासा क्षेत्र की वन बीट मोकडी में अवैध रूप से कब्जे का प्रयास किया जा रहा था।

## युवती के साथ निजी पलो का वीडियो वायरल किया

इंदौर।

देहात थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती के साथ युवक ने शारीरिक संबंध बनाएं और फिर उसका वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देपालपुर थाना अंतर्गत ग्राम आकासौदा में रहने वाली 20 वर्षीय पुष्पा बदला हुआ नाम की रिपोर्ट पर चेतन पिता कमल पवार कलोता 30 साल निवासी नौगांव के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुष्पा ने पुलिस को बताया कि मेरी चेतन से पिछले 2 साल से दोस्ती थी और हम दोनों एक दूसरे को पसंद भी करते थे। इसी दौरान हम दोनों के बीच कई बार शारीरिक संबंध बन गए। पीडति के मुताबिक इस दौरान चेतन ने निजी पलों के वीडियो बना लिए। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने उक्त वीडियो वायरल कर उसे बदनाम कर दिया। पीड़िता नहीं यहां बात अपने परिजन को बताइ और फिर थाने पहुंचकर केस दर्ज कराया। इसी प्रकार लसूडिया थाना अंतर्गत निपानिया में रहने वाली किशोरी की शिकायत पर आरोपी अतुल पिता कैलाश के खिलाफ पुलिस ने छेड़छाड़ की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। किशोरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी आते जाते वक्त उसका पीछा कर गंदे कमेंट्स भी करता है।

सीपी ने 19 पुलिसकर्मियों को किया पुरस्कृत, अंधे कत्ल का खुलासा करने वाली टीम सम्मानित

## बेहतर पुलिसिंग के लिए शुरू हुआ साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम

### पलासिया कार्यालय में हुआ सम्मान





इंदौर।

पुलिस कमिश्नरेट में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों का उत्साह बढ़ाने के लिए शुरू किया गया साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम जारी है। बुधवार को पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने 19 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और नकद इनाम देकर सम्मानित किया। इस दौरान एडिशनल सीपी (अपराध/मुख्यालय) आरके सिंह भी मौजूद थे। समारोह में मुख्य रूप से राऊ क्षेत्र के अंधे कत्ल का खुलासा करने वाली टीम के उनि प्रवीण जाधव, बलराम चौहान सहित 7 सदस्यों को सम्मानित किया गया। वहीं, ऑपरेशन मुस्कान के तहत 6 बच्चों को तलाशने वाले लसूड़िया के सउनि मनोज हिरवे और तकनीकी सहायता देने वाली सायबर सेल की टीम को भी शाबाशी मिली। भंवरकुआं क्षेत्र में फॉर्च्यूनर कार से नकदी उ?ाने वाले गिरोह को पक?ने पर उनि रामकुमार रघुवंशी व उनकी टीम पुरस्कृत हुई। यातायात प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए ट्रैफिक पुलिस के विवेक पाटिल, धन सिंह सोलंकी और सोशल मीडिया पर जागरूकता फैलाने वाली म.आर. सोनाली सोनी को सम्मान मिला। इसके अलावा ई-रेड प्रोजेक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सत्येंद्र सिंह भाटी को भी बधाई दी गई।

## प्रदेश एवं उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता

शाजापुर। खरीफ फसलों की बोनी की तैयारी के लिए प्रदेश में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान स्थिति में लगभग 6.40 लाख मेट्रिक टन यूरिया, 1.57 लाख मेट्रिक टन डीएपी, 3.56 लाख मेट्रिक टन एनपीके, इस प्रकार 5.13 लाख मेट्रिक टन डीएपी+एनपीके तथा 3.50 लाख मेट्रिक टन एसएसपी खाद उपलब्ध है। विषम वैश्विक परिस्थितियों के उपरांत भी भारत सरकार द्वारा प्रदेश में उर्वरकों की आपूर्ति निर्बाध तथा तय कार्यक्रम अनुसार निरंतर की जा रही है।

## दाहोद में आज से तीन दिवसीय मुद्रा प्रदर्शनी



इंदौर। गुजरात के दाहोद में शुक्रवार 8 मई से 10 मई तक प्राचीन सिक्कों और मुद्राओं की राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है। इस प्रदर्शनी में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, सूरत जैसे अनेक प्रमुख शहरो के मुद्रा संग्राहक एवं व्यापारी इस प्रदर्शनी में अपने स्टाल्स एवं संग्रह सहित शामिल होंगे। राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के संयोजक और इंदौर के वरिष्ठ मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य ने बताया कि प्रदर्शनी के समापन अवसर पर 10 मई को देश के जाने-माने मुद्रा संग्राहकों को इस आयोजन में भी सम्मानित किया जाएगा।

# रजत जयंती वर्ष पर मालवा उत्सव मे नए यूनिक शिल्पो का आगमन

**इंदौर (नवीन मौर्य)। मालवा उत्सव और इंदौर पहचान बन चुके इस उत्सव का इंतजार वर्ष भर से इंदौर ही नहीं इंदौर के आसपास एवं प्रदेश के लोगों और कला प्रेमी दर्शकों के साथ का शिल्प लोक कलाकारों को भी रहता है।**



मालवा ही नहीं देश की लोक कला एवं शिल्प कला को समृद्ध करने का कार्य लोक संस्कृति मंच के द्वारा किया जा रहा है ।आज दशहरा मैदान पर दोपहर से ही लोगों की चहल-पहल शुरू हो गई थी। लोक संस्कृति मंच के संयोजक एवं सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि शिल्प मेला प्रतिदिन सायंकाल 4:00 बजे से प्रारंभ हो रहा है इसमें छत्तीसगढ़ का ब्लैक आयरन शिल्प जिसमें लोहे को पिघला कर पीट-पीटकर हिरण शेर सहित कई प्रकार की महीना कृतियां तैयार की जाती है मिल रहा है राजस्थान के खूबसूरत ब्लैक पॉटरी रीवा का बांस शिल्प एवं असम ,मिजोरम, मेघालय, जम्मू कश्मीर से आए हुए हस्तशिल्प देखने योग्य बन पड़े। हैं साथ ही छत्तीसगढ़ का ब्रास शिल्प भी यहां पर मौजूद है जिसमें बुद्ध ,भगवान शिव की मूर्तियां ,घंटियां सहित कई आर्टिकल मिल रहे हैं वही नागालैंड का ड्राई फ्लावर उत्तर प्रदेश के कालीन महेश्वर की माहेश्वरी साड़ियां यहां पर मौजूद है। लगभग 300 से अधिक शिल्पकार अपनी कला यहां पर प्रदर्शित करने एवं बनाए गए उत्पाद विक्रय करने आए हैं।

# गंदगी के बीच बन रही थी बॉम्बे चौपाटी कुल्फी, प्रशासन ने फैक्ट्री पर जड़ा ताला

इंदौर। शहरवासियों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों और अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री बनाने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत विभाग ने धार रोड स्थित एक कुल्फी निर्माण इकाई को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया है। पिछले दो दिनों में टीम ने शहर के विभिन्न नामी और रूटीन प्रतिष्ठानों पर दबिश देकर कुल 29 नमूने जांच हेतु लिए हैं। खाद्य सुरक्षा



अधिकारियों ने धार रोड स्थित माँ इंटरप्राइजेज पर जब औचक दबिश दी, तो वहां के हालात देखकर वे दंग रह गए। यहां बॉम्बे चौपाटी ब्रांड के नाम से कुल्फी और फ्रोजन डेजर्ट बनाया जा रहा था। निरीक्षण में पाया गया कि कुल्फी के सांचे फर्श पर रखे थे, कर्मचारी बिना ग्लव्स, कैप और एप्रोन के काम कर रहे थे और पूरे परिसर में भीषण गंदगी पसरी थी। प्रोपराइटर विष्णु सुथार के पास निर्माण का कोई वैध लाइसेंस भी नहीं मिला। विभाग ने यहाँ से 8 नमूने लिए और कुल्फी फैक्ट्री को सील कर दिया।

कलेक्टर हेल्पलाइन पर मिली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए टीम ने राधिका फरियाली एंड सैंडविच पर साबूदाना खिचड़ी और श्री साईं डोसा भवन से इडली-चटनी के नमूने लिए। यहाँ साफ-सफाई और पेस्ट कंट्रोल को लेकर सख्त हिदायत दी गई। इसी प्रकार बियाबानी स्थित पंकज आइस कैंडी से भी 5 नमूने लिए गए। जांच के दौरान चाइनीज वोक से सॉस और पनीर के नमूने लिए गए तथा वेज-नॉनवेज के पृथक भंडारण न होने पर नोटिस थमाया गया। एशिया 7 से हक्का नूडल्स, मोम स्टेशन जूस और डॉक्टर जोश से पाइनएप्पल और मिक्स फ्रूट जूस के नमूने लिए गए। ब्लिंक कॉमर्स (ब्लिंकिट) विजय नगर पर उपभोक्ता शिकायत के बाद गंगवाल सूजी और मैदा के नमूने लिए गए। वहीं, पालदा स्थित क्वालिटी केला कोल्ड स्टोरेज में फलों को पकाने के लिए उपयोग किए जा रहे रसायनों की जांच की गई।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्पष्ट किया है कि आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मानकों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी लिए गए नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



**भोपाल। संयुक्त मोर्चे ने कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त)) का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी तथा मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया।**

## सुदूर अंचलों में आयुष स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और सुदृढ़ : परमार



भोपाल। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री परमार के निर्देश पर, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयुष चिकित्सकीय सुविधाओं को सुचारू रूप सें संचालित किये जाने के दृष्टिगत जिले में पदस्थ आयुष चिकित्सकों (शासकीय/संविदा/एनआरएचएम) की उपस्थिति सार्थक ऐप के माध्यम से सुनिश्चित किए जाने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही आयुष महाविद्यालयों के संकाय स्टॉफ की उपस्थिति, एनसीआइएसएम के मापदण्ड अनुसार, आधार बेस्ड सिस्टम से दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करने के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आयुष मंत्री परमार ने कहा है कि आयुष चिकित्सकों के समयबद्ध चिकित्सालयों में उपस्थिति से, सुदूर अंचलों सहित शहरी क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा सेवाएं और सुदृढ़ होंगी और आमजन को स्वास्थ्य सुविधाओं का सुलभता से लाभ मिल सकेगा। प्रमुख सचिव आयुष शोभित जैन ने बताया कि आयुष विभाग, विभिन्न रोगियों को उपचार सुविधा देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में विभागीय चिकित्सकीय संस्थाओं में, आयुष चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। इन स्वास्थ्य सेवाओं से आमजन को लाभान्वित करने के लिए, संस्थान में पदस्थ अधिकारियों/चिकित्सकों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए यह दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे विभिन्न रोगियों को शासकीय आयुष संस्थाओं से समय पर उपचार प्राप्त हो और शासन की महती योजनाओं का आमजन को प्रभावी रूप से लाभ मिल सके। जैन ने बताया कि समस्त आयुष चिकित्सकों की उपस्थिति सार्थक ऐप के माध्यम से मॉनिटर करने के लिए, जिला आयुष अधिकारियों को निर्देशित किया गया है एवं महाविद्यालयों में संकाय स्टॉफ की उपस्थिति, एनसीआइएसएम के मापदण्ड अनुसार, आधार बेस्ड सिस्टम से दर्ज कराए जाने को लेकर प्रधानाचार्य एवं अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है।

पुलिस कमिश्नरेट द्वारा निजी मेडिकल कॉलेज एवं निजी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मिसरोद में सृजन जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर संजय कुमार सिंह और निजी कॉलेज की डायरेक्टर साधना कपूर, मैनेजिंग डायरेक्टर सिद्धार्थ कपूर, एडिशनल डीसीपी महिला सुरक्षा मंजू लता खत्री, डॉक्टर लिजी थॉमस उदय संस्था मौजूद रहे। जनसंवाद के माध्यम से सृजन से जीवन में बदलाव की कहानी बताई गई, जनसंवाद कार्यक्रम एवं सामुदायिक पुलिसिंग डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई, सृजन की बालिकाओं द्वारा मार्शल मार्शल आर्ट प्रजेंटेशन दिया गया, साथ ही करियर गाइडेंस के बारे मे मार्गदर्शन दिया तथा सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी पुलिस कर्मचारियों अधिकारियों का सम्मान कर कार्यक्रम जनसंवाद का समापन हुआ। सृजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बढ़ते साइबर अपराध से बचाव के तरीके, नशे से दूर रहने हेतु सुझाव दिए गए। एवं पुलिस की सक्रियता, संवेदनशीलता आम जनता तक कैसे पहुंचे, बच्चों के पुनर्वास के लिए कार्यक्रम, उनके मूल अधिकार, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, बालिकाओं के लिए कल्याण की योजनाएं उनके लिए प्राथमिक शिक्षा उनके अधिकारों, बच्चों को सुरक्षित अनुकूल वातावरण समुदाय में नशीले पदार्थ के विक्रय, संग्रह पर रोकथाम, नशे से प्राप्त प्रभावित बच्चों का पुनर्वास, समुदाय की अवैध गतिविधियां इत्यादि विषयों पर सारगर्भित मार्गदर्शन दिया।

## नकली नोट खपाने वाला जालसाज खुद को बता रहा डॉक्टर

भोपाल। कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित सैफिया मैदान से बुधवार को नकली नोट के साथ गिरफ्तार हुआ सैफुल इस्लाम खुद को डॉक्टर बता रहा है। उसने पुलिस को बताया कि वह दो लाख रुपए के नकली नोट कलकत्ता से खरीदकर लाया था और 60 हजार रुपए की नगदी खपा चुका है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी दो साल से इस धंधे में जुड़ा था। उसके पास मिले 1 लाख 40 हजार रुपए के नकली नोट हूबहू असली के तरह दिख रहे हैं। नोट का कागज पाकिस्तान और नेपाल से लाया गया था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ के बाद नकली नोट छापने वाले की तलाश में पुलिस की टीम कलकत्ता रवाना हो गई है। पुलिस को अनुमान है कि नकली नोट छापने और खपाने वाली बड़ी गैंग से आरोपी का संपर्क है। लिहाजा उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार दोपहर मुखबिर से सूचना मिली कि सेफिया कॉलेज मैदान के पास के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा है और किसी के आने का इंतजार कर रहा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी ने पुलिस से छिपने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से दो मोबाइल और लोवर की नीचे वाली जेब में पांच-पांच सौ रुपए के नोट की चार गड्डिया मिली। नोट को चेक करने पर उसमें आरबीआई द्वारा जारी मानक प्रमाण नहीं मिले। देखने में नोट नकली लग रहे थे। नोटों के सीयिरल नंबर देखे गए। इस दौरान अधिकतर नोट के सीरियल नंबर भी एक जैसे मिले। इससे पुष्ट हो गया कि नोट नकली है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सैफुल इस्लाम पिता अनवर उल इस्लाम (28) शाजानोपल्ली बड़ाबगान, पोस्ट अब्दारपुर, जिला वीरभूमि (पश्चिम बंगाल) बताया। उसने बताया कि इन दिनों वह टू, सत्यम अपार्टमेंट, ई-8 अरेरा कॉलोनी, थाना शाहपुरा में रह रहा था।



## उपयोगित जल प्रबंधन में आधुनिक एवं प्रकृति आधारित तकनीकों का होगा समावेश : आयुक्त

**भोपाल।** आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा कि सीवरेज प्रबंधन के लिए एसबीआर और बायोनेस्ट जैसी अत्याधुनिक एवं सक्षम तकनीकों का समावेश उपयोगित जल प्रबंधन के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। कम लागत वाली टिकाऊ प्रणालियों के माध्यम से मलजल शोधन संयंत्रों से निकलने वाले उपचारित जल का अनिवार्य रूप से पुनरुपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि नगरों की स्वच्छता और समग्र सौंदर्य के लिए नाला टैपिंग की भूमिका अत्यंत प्रासंगिक है, उच्च तकनीक और प्रकृति के सामंजस्य से इस क्षेत्र में प्रगति करना विभाग का प्राथमिक ध्येय है। उन्होंने संयंत्र परिसरों में वायु और पर्यावरण शुद्धि के लिए पीपल जैसे प्राकृतिक शोधक पौधों के रोपण तथा प्रकृति आधारित (नेचर-बेस्ड) तकनीकों को अपनाने पर भी विशेष बल दिया। भोंडवे ने निर्देश दिए कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और इससे जुड़े विभिन्न तकनीकी घटकों की डिजाइन एवं ड्रॉइंग संबंधी विषयों का त्वरित और दक्षतापूर्ण समाधान किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत प्रदेश के नगरों को पर्यावरण के अनुकूल और पूर्णतः स्वच्छ बनाने की दिशा में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा होटल पलाश में 'उपयोगित जल प्रबंधन' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अपर आयुक्त शिशिर गेमावत ने कहा कि मध्यप्रदेश स्वच्छ भारत मिशन के विविध सोपानों पर सराहनीय और अनुकरणीय कार्य कर रहा है। उन्होंने उपयोगित जल प्रबंधन की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए निर्माण की डिजाइन और ड्रॉइंग की सटीकता को अत्यंत आवश्यक बताया। नगरीय निकायों की तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के ध्येय से ही इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें विषय-विशेषज्ञों के साथ एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर गहन विमर्श किया जा रहा है। प्रमुख अभियंता प्रदीप मिश्रा ने कहा कि मलजल शोधन संयंत्र से प्रवाहित होने वाले जल की शुद्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखना अपरिहार्य है, जिससे उपयोगित जल प्रबंधन का मूल उद्देश्य अपनी सार्थकता को प्राप्त कर सके। तकनीकी सत्रों में वैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर राजेश विनिवाल ने उपयोगित जल प्रबंधन के सूक्ष्म पहलुओं पर अपना सारगर्भित प्रस्तुतीकरण दिया। कार्तिकेय तिवारी ने 'पॉल्यूटेड नाला टू क्लीन वॉटर' (प्रदूषित नाले से स्वच्छ जल तक) विषय पर नवीन तकनीकें साझा कीं।

### डॉ. यादव ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर किया नमन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रगान के रचयिता, नोबेल पुरस्कार से अलंकृत गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साहित्य, कला और संगीत के माध्यम से मानवता व विश्व बंधुत्व का संदेश देने वाले गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जीवन संपूर्ण विश्व के लिए ज्ञान का प्रकाश पुंज है।

## मौसम की दोहरी मार, कहीं बारिश तो कहीं तेज गर्मी, ग्वालियर-चंबल समेत 11 जिलों में अलर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ है। एक तरफ ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड के कई जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है, वहीं दूसरी तरफ भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर समेत प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में तेज गर्मी लोगों को परेशान करेगी। मौसम विभाग ने गुरुवार को 11 जिलों में बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवाती परिसंचरण और ट्रफ लाइन के असर से प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से मौसम लगातार बदल रहा है। कई जिलों में बादल, आंधी और हल्की बारिश का सिलसिला बना हुआ है। गुरुवार को ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज जिलों में बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

**44 जिलों में गर्मी का असर रहेगा-** बारिश वाले इलाकों के अलावा प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान बढ़ने के संकेत हैं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत 44 जिलों में दिन का तापमान 42 से 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़, नर्मदापुरम, रतलाम, नीमच और मंदसौर में तापमान तेजी से बढ़ने की संभावना जताई है।

**अगले चार दिन मौसम रहेगा अस्थिर-** मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले चार दिन तक प्रदेश में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। अगले दो दिन कुछ हिस्सों में आंधी और हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन 9 और 10 मई से गर्मी का असर ज्यादा बढ़ेगा। इसके बाद 10 मई से एक नया मौसम सिस्टम सक्रिय होने की संभावना है, जिसका असर अगले दो दिनों में देखने को मिल सकता है।

**प्रवक्ताओं पर रोस्टर सिस्टम, चुनावी मोड से स्थायी रणनीति की ओर बढ़ी पार्टी**

# भाजपा का 'मीडिया वॉर रूम' मॉडल अब सालभर चलेगी नैरेटिव की निगरानी

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश भाजपा ने संगठन और मीडिया मैनेजमेंट में बड़ा बदलाव करते हुए नया 'मीडिया वॉर रूम' मॉडल लागू करने का फैसला किया है। पार्टी अब चुनावी समय तक सीमित रहने के बजाय पूरे साल सक्रिय मीडिया सेंटर चलाएगी, जहां से राजनीतिक नैरेटिव, टीवी डिबेट और सोशल मीडिया गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी।



भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई पहली कामकाजी बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह मौजूद रहे। बैठक में मीडिया संचालन को कॉर्पोरेट और प्रोफेशनल मॉडल पर चलाने का फैसला लिया गया।

नई व्यवस्था के तहत अब पार्टी प्रवक्ताओं की स्वतंत्र बयानबाजी पर नियंत्रण रहेगा। प्रवक्ताओं के लिए रोस्टर सिस्टम लागू किया गया है, जिसमें दिनवार जिम्मेदारी तय होगी। जिस प्रवक्ता की ड्यूटी होगी, वही अधिकृत रूप से मीडिया के सामने पार्टी का पक्ष रख सकेगा। प्रवक्ताओं को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहना होगा और बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर जवाब-तलब भी किया जा सकता है। भाजपा ने जिला स्तर की मीडिया टीमों को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स पर नजर रखने के निर्देश भी दिए हैं। पार्टी की रणनीति के मुताबिक सरकार समर्थक और सकारात्मक कंटेंट बनाने वाले इन्फ्लुएंसर्स को संगठन की विचारधारा से जोड़कर 'ब्रांड एम्बेसडर' की तरह उपयोग किया जाएगा। वहीं, सरकार विरोधी या कथित भ्रामक कंटेंट पर तत्काल तथ्यात्मक जवाब तैयार करने की व्यवस्था भी बनाई जा रही है।

बैठक में यह भी तय किया गया कि भाजपा का मीडिया विभाग अब केवल प्रेस रिलीज जारी करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 'थिंक टैंक' और 'इंटेलीजेंस इनपुट सिस्टम' की तरह काम करेगा। टीवी डिबेट्स की निगरानी के लिए अलग समन्वय प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की गई है, ताकि पार्टी या सरकार के खिलाफ बन रहे नैरेटिव को तत्काल जवाब देकर सकारात्मक दिशा दी जा सके।

पार्टी ने पदाधिकारियों के कामकाज की मासिक समीक्षा का फैसला भी लिया है। सक्रियता और प्रदर्शन के आधार पर जिम्मेदारियां तय होंगी और निष्क्रिय पाए जाने वाले पदाधिकारियों को नई व्यवस्था से बाहर भी किया जा सकता है।

# अतिक्रमण पर निगम का बुलडोजर एक्शन

## शहरभर में हटाए कब्जे, ट्रक भर सामान जब्त

**भोपाल।** नगर निगम ने शहर के विभिन्न इलाकों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में ठेले, सब्जी दुकानें, अवैध चबूतरे और सड़क पर रखे सामान हटाए। इस दौरान निगम अमले ने कई स्थानों से सामान जब्त करने के साथ आवागमन में बाधा बन रहे वाहनों पर भी कार्रवाई की।निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने कटारा हिल्स क्षेत्र में एक भूखंड पर अवैध रूप से लगाई गई जालियां हटाईं। वहीं होशंगाबाद रोड स्थित निर्मल स्टेट में अवैध निर्माण को रुकवाने की कार्रवाई की गई। लाम्बाखेड़ा पुल के नीचे लगी अवैध फर्शियां भी हटाई गईं।करोंद हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में अवैध रूप से बनाए गए चबूतरे हटाए गए।



जहांगीराबाद क्षेत्र से 10 दोपहिया वाहन और अशोका गार्डन क्षेत्र से एक चारपहिया वाहन हटवाया गया। इमामी गेट से पीरगेट तक सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण हटाकर एक ट्रक सामान जब्त किया गया।कार्रवाई के दौरान निगम अमले ने शहर के अन्य क्षेत्रों से भी 70 कुर्सियां और 5 ठेले जब्त किए। निगम अधिकारियों के अनुसार अभियान लगातार जारी रहेगा और सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।वहीं हाउसिंग फॉर ऑल शाखा के सहयोग से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित होने के बाद भी झुग्गियों में रह रहे परिवारों को हटाने की कार्रवाई की गई। अरेरा कॉलोनी क्षेत्र से झुग्गियां हटाकर 15 हितग्राही परिवारों को कोकता आवासीय परियोजना के मकानों में भेजा गया।

# फिर बनेगी मेरिट लिस्ट? 13,089 प्राथमिक शिक्षक भर्ती पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**भोपाल / जबलपुर ।** जबलपुर में प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 से जुड़े कथित गड़बड़ी मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। भर्ती प्रक्रिया में अपात्र अभ्यर्थियों को आरसीआई प्रमाणपत्र के नाम पर बोनस अंक दिए जाने के आरोपों ने पूरी चयन प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह भर्ती 13,089 पदों के लिए आयोजित की गई थी।याचिकाकर्ताओं ने अदालत में दावा किया कि विशेष शिक्षा में डिप्लोमा और भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) से मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र रखने वाले अभ्यर्थियों को ही 5 प्रतिशत बोनस अंक मिलना था, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे उम्मीदवारों को भी बोनस दे दिया गया, जिनके पास वैध प्रमाणपत्र नहीं थे।नरसिंहपुर निवासी सोनम अगरैया सहित अन्य अभ्यर्थियों की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि करीब 14,964 उम्मीदवारों ने स्वयं को आरसीआई प्रमाणपत्रधारी बताकर बोनस अंक हासिल कर लिए। जबकि आरसीआई के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में पंजीकृत कार्मिकों और पेशेवरों की संख्या इससे काफी कम है। ऐसे में बड़ी संख्या में प्रमाणपत्र फर्जी होने की आशंका जताई गई है।सुनवाई के दौरानसंचालनालय ने संकेत दिए थे कि लगभग 18 हजार उम्मीदवारों द्वारा आरसीआई पात्रता का दावा करना संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। इसके बावजूद पोर्टल सुधार प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों से आरसीआई पंजीयन क्रमांक या प्रमाणपत्र की जांच नहीं कराई गई। याचिका में 27 फरवरी 2026 को जारी मेरिट सूची को निरस्त करने और केवल वैध आरसीआई प्रमाणपत्रधारी अभ्यर्थियों को बोनस अंक देकर नई मेरिट सूची जारी करने की मांग की गई है। मामले की सुनवाई जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ में हुई। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

न्यूज ब्रीफ

## आयुक्त ने किया वार्डो का निरीक्षण देखी साफ सफाई व्यवस्था



**देवास।** स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त दलीप कुमार ने बुधवार को शहर के वार्ड 12 एवं 13 का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था में खामियां मिलने पर अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने वार्ड 13 में नाला-नालियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सफाई मित्रों की कमी को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी को दलेल पद्धति से सफाई कराने को कहा। वार्ड में स्थित तालाब के आसपास कचरा मिलने पर स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार को तत्काल कचरा हटवाने के निर्देश दिए। निगम स्वच्छता टीम द्वारा वार्डों में सर्वेक्षण मानक स्तर पर स्वच्छता के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। वार्ड 12 के निरीक्षण में आयुक्त ने कचरा संग्रहण वाहन की जांच की। चाणक्यपुरी मल्टी के पास कचरा पड़ा मिलने पर नाराजगी जताते हुए दरोगा को तत्काल कचरा उठवाने तथा रहवासियों से गीला-सूखा कचरा अलग-अलग वाहन में डलवाने को कहा।

### अनुपस्थित शिक्षिकाओं को दो माह का वेतन देने का आरोप

# अनियमित्ताओं को लेकर कलेक्टर को शिकायत कर कार्यवाही की मांग




**देवास**

जिले के सांदीपनी स्कूल बागली में प्रभारी प्राचार्य प्रकाश डाबी पर गंभीर अनियमितताओं और प्रशासनिक लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं।

ग्राम गुराडिया कला निवासी अधिवक्ता शुभम भारती ने कलेक्टर देवास के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि कई बार जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत की गई, लेकिन संबंधितों द्वारा अब तक काई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रभारी प्राचार्य प्रकाश डाबी ने दो अतिथि शिक्षिकाओं को दिसंबर 2024 में कार्यमुक्त करने के बाद भी उनके दो माह के अनुपस्थिति काल का भुगतान संस्था के बैंक खाते से आठ चेकों के माध्यम से कर दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार यह भुगतान नियम विरुद्ध तरीके से किया गया है।

इसके अलावा आरोप है कि प्रकाश डाबी ने बिना किसी वरिष्ठ अधिकारी के आदेश के जुलाई 2025 से अक्टूबर 2025 तक (चार माह) सांदीपनी स्कूल छोडक़र शासकीय हाई स्कूल कामट खेड़ा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मोबाइल व वीडियों कांफ्रेंस के जरिए सांदीपनी स्कूल का संचालन करते हुए वेतन प्राप्त किया।

शिकायतकर्ता ने आवेदन के साथ कामट खेडा में उपस्थिति रजिस्टर की प्रतियां संलग्न की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रारंभ होने के बावजूद कक्षा 11वीं एवं 12वीं की नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो रही हैं। विद्यार्थियों को स्कूल बुलाने के लिए भी कोई विशेष प्रयास नहीं किए गए, जिससे छात्रों के भविष्य पर संकट उत्पन्न होने की बात कही गई है।

## प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

देवास। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 9 मई 2026 को जिला न्यायालय परिसर देवास में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने बुधवार को नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली द्वारा विद्युत विभाग के वाहनों द्वारा नेशनल लोक अदालत का प्रचार एवं विद्युत विभाग की ओर से दी जाने वाली छूट के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जाएगा नगर निगम विभाग द्वारा भी प्रचार वाहनों के माध्यम से विशेष छूट का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### 21 बटुकों का हुआ आयोजन

## यज्ञोपवीत संस्कार, 1500 से अधिक ब्राह्मणों ने लिया हिस्सा



**देवास**

माँ चामुंडा की पावन नगरी गंगा नगर स्थित राजराजेश्वर भगवान परशुरामजी की वाटिका में भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ एवं आद्य गौड़ ब्राह्मण संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बडी संख्या में ब्राह्मण समाजजनों ने हिस्सा लिया।

मुख्य आकर्षण 21 बटुकों का नि:शुल्क यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार रहा, जो पूर्णत: शास्त्रोक्त विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। इस पुण्य अवसर पर विशेष बात यह रही कि बटुकों के परिवारों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया। आयोजन समिति द्वारा सभी बटुकों को वस्त्र, पाँच बर्तन एवं संपूर्ण पूजन सामग्री सप्रेम भेंट की गई।

इस वैदिक अनुष्ठान को ब्राह्मण शिरोमणि पूज्य पंडित बजरंग महाराज जी एवं उनकी विद्वान टीम ने संपन्न कराया। आयोजन के पश्चात लगभग 1200 से 1500 ब्राह्मणों ने सपरिवार भोजन प्रसादी ग्रहण की, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बन गया।

## ट्रैफिक विभाग की सख्ती, पीयूसी नहीं मिलने पर चालान काटे



**देवास।** कलेक्टर के निर्देश पर ट्रैफिक विभाग ने मक्सी चौराहे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। गुरुवार को हुए इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के लिए यात्री बसों सहित अन्य वाहनों की सघन जांच की गई।

टीम ने देवास से मक्सी जाने वाले और मक्सी की ओर से आने वाले वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान कई वाहनों में पीयूसी नहीं मिला, जिसके बाद उन पर चालानी कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान बस चालकों और परिचालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। उन्हें निर्धारित वर्दी पहनने और सुरक्षित तरीके से बस संचालन करने के निर्देश भी दिए गए। ट्रैफिक थाना प्रभारी पवन बागड़ी अपनी टीम के साथ अभियान में मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने एक बस चालक की वर्दी के खुले बटन देखकर खुद उन्हें बंद करवाया और चालक को अनुशासन व नियमों का पालन करने की हिदायत दी।

## निगम अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर का किया स्वागत



**देवास।** मध्यप्रदेश शासन में मंत्री दर्जा प्राप्त नवनियुक्त मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर का टोंककलां में राजेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ठाकुर का पुष्पहार, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जोरदार आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में गजराज सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह राजपूतसहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

## देवास की टीम राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता के लिए रवाना

**देवास**

बारहवीं जिला पेंचक सिलाट सीनियर एवं जूनियर चैंपियनशिप का आयोजन 8 से 10 मई 2026 तक ब्यावरा, जिला राजगढ़ स्थित मां अंजना रिसोर्ट में होने जा रहा है। पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अबरार एहमद शेख और सचिव अभय श्रीवास ने जानकारी दी कि देवास की टीम 7 मई को बस द्वारा ब्यावरा, राजगढ़ के लिए रवाना होगी।



इसमें चयनित खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सीनियर टीम - सीनियर वर्ग में भूमिका जैन, दिशा रेड्डी, लक्ष्मी मालवीय, जागृति योगी, महिमा पटेल, जैनब खान, जाह्नवी सरकार, तनीशा सरकार, खुशी कौशल, गौरी सोनी, अवनी श्रीवास, आर्य श्रीवास, प्रांजल बुडानिया, हर्ष जयसवाल, मनीष विश्वकर्मा, ऋषभ जायसवाल, अंशु पटेल और आयुष पटेल शामिल हैं।

जूनियर टीम - जूनियर वर्ग में वैष्णवी झाला, अनुष्का श्रीवास, वैष्णवी सूर्यवंशी, दिशा कारपेंटर, प्रतिज्ञा अगीरवाल, सारिका देवड़ा, प्रतिष्ठा ठाकुर, त्रिशा चावड़ा, हर्षिल पटेरिया, उर्वशी प्रजापति, आरोही श्रीवास, हर्षिता पाटणकर, मीत प्रजापति, विनीत कुमावत और आर. आर्य सिवास्वामी भाग लेंगे। अन्य वर्ग - सब जूनियर वर्ग से आर. क्रिश अन्नामलाई, विराज श्रीवास, अनय मौर्य, यार्निका वर्मा और अर्शी सोमानी शामिल हैं।

प्री-टीन वर्ग में बानी सोमानी, ग्रहीता वर्मा, श्रेयस पटेरिया और इशान सरकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खिलाडियों के रवाना होने से पूर्व उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुधीर सोमानी, अध्यक्ष अबरार एहमद शेख, उपाध्यक्ष प्रमोद डोंगलिया, सचिव अभय श्रीवास, कोषाध्यक्ष संदीप जाधव सहित समस्त पदाधिकारी, रैफरी, कोच और पालकगण ने देवास टीम के सभी खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के तहत 23 यात्रियों को दल रवाना

### विधायक, नपा अध्यक्ष ने यात्रियों का स्वागत कर किया



**नीमच।** संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत जिले के 23 तीर्थ यात्रियों का दल गुरूवार को नपा नीमच के परिसर से सोमनाथ तीर्थदर्शन के लिए रवाना हुआ। विधायक नीमच दिलीप सिह परिहार, नीमच नपा अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा व अन्य जनप्रतिनिधियों, एडीएम बीएस कलेश ने यात्रियों का पुष्पहारों से स्वागत कर उन्हें सोमनाथ के लिए रवाना किया। विधायक दिलीप सिह परिहार, नीमच नपा अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा व अन्य जनप्रतिनिधियों और पार्षदगणों ने यात्रियों के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर सोमनाथ के लिए रवान किया। यह तीर्थ यात्रा वाहन यात्रियों को उज्जैन रेल्वे स्टेशन पहुचाएगा। जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा सोमनाथ के लिए रवाना होगी। यात्रियों के साथ दो अनुरक्षक भी सोमनाथ यात्रा के लिए भेजे गये है, जो यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान रखेंगे। इस मौके पर एसडीएम संजीव साहू, नपा के पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, यात्री एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे।

## युवा संगम रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेले में 66 आवेदकों का प्रारंभिक चयन

**शाजापुर**

शासन की मंशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला उद्योग केंद्र एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर द्वारा आज श्री कुशाभाऊ ठाकरे स्मृति शासकीय महाविद्यालय मक्सी में युवा संगम रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया।

जिसमें 110 आवेदकों ने भाग लेकर साक्षात्कर दिया। मेले का शुभारम्भ सरस्वती पूजन कर किया गया। मेले मे उपस्थित आवेदको द्वारा समस्त नियोजक काउंटर पर जाकर रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप की जानकारी ली गई।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम में आमंत्रित निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित नियोजकों ने भाग लिया, जिसमें कृषि दर्पण एग्रो इन्दौर, प्रतिभा सिन्टेक्स पीथमपुर, प्रतिभा स्वराज उज्जैन, यशस्वी अकेडमी फॉर स्कील देवास, एम.के.सी. आयशर देवास, आम फाउंडेशन इंडिया फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी अकादमी नई दिल्ली, भारतीय जीवन बीमा निगम शाजापुर, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस शाजापुर आदि कंपनियों के द्वारा विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लेकर 66 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया।

## जिले में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के 48 कार्य पूर्ण

### जल संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम, धरती के जल स्तर में होगी वृद्धि

**मंदसौर**



प्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मंदसौर जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत जिले में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के 48 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, जबकि 84 कार्यों पर निर्माण कार्य प्रगतिरत है। जिला पंचायत द्वारा कुल 180 कार्यों का चयन किया गया था, जिनमें चरणबद्ध तरीके से कार्य कराए जा रहे हैं। शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं के निर्माण से वर्षा जल का संचय किया जा सकेगा तथा पानी सीधे जमीन में समाहित होगा। इससे धरती के जल स्तर में वृद्धि होने के साथ-साथ भविष्य में जल संकट की स्थिति से भी राहत मिलेगी। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न प्रकार के जल संरक्षण कार्य व्यापक स्तर पर संचालित किए जा रहे हैं। इनमें कंटूर ट्रेंच निर्माण, पर्कोलेशन तालाब निर्माण, अमृत सरोवर निर्माण, खेत तालाब निर्माण तथा डगवेल रिचार्ज जैसे कार्य प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन कार्यों के माध्यम से वर्षा जल को संरक्षित कर भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर आमजन के लिए सार्वजनिक प्याऊ की स्थापना भी की जा रही है, ताकि राहगीरों एवं नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही एक बगिया मां के नाम परियोजना के माध्यम से जिले में फलदार पौधों का रोपण किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल जनभागीदारी के साथ संचालित की जा रही है। अभियान के तहत प्राचीन एवं परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण और प्राचीन बावड़ियों के जीर्णोद्धार का कार्य भी प्राथमिकता से किया जा रहा है। इससे ऐतिहासिक जल संरचनाओं का संरक्षण होने के साथ-साथ जल संग्रहण क्षमता में भी वृद्धि होगी। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक होकर वर्षा जल संचयन एवं जल बचत के उपाय अपनाने की अपील की गई है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके।

### मेहनतकशों, मजदूरों एक हो जाओ

## मार्क्सवाद के महत्व पर केन्द्रित संगोष्ठी आयोजित



**देवास**

महान क्रान्तिकारी चिंतक,दार्शनिक, अर्थशास्त्री, इतिहासकार और इन सबसे भी बढक़र दुनिया के सबसे बड़े क्रांतिकारी जो जीवनभर मेहनतकशों/मजदूरों के साथ अपनी पूरी ताकत के साथ खड़े रहे। कार्ल मार्क्स की जयंती के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वावधान में कॉमरेड प्रतिभा कुमार के निवास पर मार्क्सवाद के महत्व पर केन्द्रित संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी क्रांतिकारियों कार्ल मार्क्स, बलिदानी भगतसिंह और सामाजिक क्रांतिकारी भारत रत्न बाबा डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## नागरिकों से सीटीजन फीड बैंक देने की अपील



**इंदौर।** स्वच्छ भारत अभियान 2026 के तहत सीटीजन फीडबैक के लिए लिंक प्रारंभ हो गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी पराग जैन ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकोंसे पर अपना सीटीजन फीडबैक देने का अनुरोध किया है।

### नल-जल योजना के संधारण के संबंध में सरपंच, सचिवों व पंप ऑपरेटरों का प्रशिक्षण संपन्न

## तकनीकी मार्गदर्शन, जलकर निर्धारण व पानी की गुणवत्ता जांच संबंधी दिया प्रशिक्षण

**नीमच**



जल गंगा संवर्धन अभियान तहत ग्रामीण नल-जल योजना के संचालन-संधारण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु ग्राम सरपंचों, सचिवों एवं पंप ऑपरेटरों का एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण गुरूवार को ग्राम पंचायत मोरवन के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। इससे पूर्व नीमच विकासखण्ड में भी प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है।

प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं पीएमयू स्टाफ द्वारा प्रतिभागियों को योजना के नियमित संचालन, संधारण, तकनीकी रखरखाव तथा ग्रामीण स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

उपलब्ध कराई गई प्रशिक्षण सामग्री- भारत सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शिका, समिति गठन एवं जलकर निर्धारण हेतु मध्य प्रदेश शासन का गजट, जलकर वसूली हेतु नमूना रसीद प्रारूप, एफ.टी.के. किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया से संबंधी सामग्री उपलब्ध करवाई गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम स्तर पर नल-जल योजनाओं का सतत एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित करना तथा पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखना है।

अधिकारियों ने जलकर की नियमित वसूली एवं उपभोक्ता समितियों को सक्रिय करने पर भी विशेष जोर दिया। यह जानकारी कार्यालय यंत्री लो.स्वा.यांत्रिकी विभाग दीपेश वास्पत ने दी है।

## टीबी जागरूकता के साथ ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई

**मंदसौर**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत ग्राम पांगा स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम पांगा के सरपंच द्वारा किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग एवं हाई रिस्क क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा टीबी जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करना है। शिविर के दौरान टीबी जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित ग्रामीणों को टीबी शपथ दिलाई गई तथा रोग के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि लगातार कई दिनों तक खांसी आना, भूख न लगना, वजन कम होना, रात में पसीना आना एवं लगातार बुखार रहना टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ग्रामीणों को बताया गया




कि टीबी से घबराने की आवश्यकता नहीं है। बलगम जांच में पॉजिटिव पाए जाने पर 6 माह का नियमित उपचार मरीज को पूर्णत: स्वस्थ कर सकता है। साथ ही उपचाररत मरीजों को निक्षय योजना के अंतर्गत 1000 रुपये प्रतिमाह की पोषण सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है। शिविर में नागरिकों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें टीबी स्क्रीनिंग हेतु एक्स-रे जांच के माध्यम से संदिग्ध एवं पूर्व में उपचाररत मरीजों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं बीएमआई की जांच भी की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श एवं जागरूकता संदेश भी दिए गए।

## फटाफट खबरें

### युवक की शिकायत से नाराज लोगों ने किया जानलेवा हमला

**पटियाला, (ईएमएस)।** पटियाला के रंजीत विहार इलाके में नशा तस्करी के खिलाफ शिकायत करना एक युवक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि शिकायत से नाराज कुछ लोगों ने युवक पर डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता है। जानकारी के मुताबिक मेजर सिंह नामक युवक ने क्षेत्र में नशा बेचने वाले कुछ लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की थी। शिकायत से नाराज होकर आरोपितों ने रविवार को मौका पाकर उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उसे घेरकर डंडों से पीटा, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।

### मुंडन संस्कार में आए 6 लोग गंगा में डूबे

**बलिया, (ईएमएस)।** यूपी के बलिया में गंगा नदी में नहाते गए कुछ लोग डूब गए। दो को नाविकों ने बचा लिया है। पुलिस लापता लोगों को मछुवारों की मदद से खोजने की कोशिश कर रही है। इस घटना पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है और अधिकारियों को जल्द से जल्द लापता लोगों को ढूंढने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक बलिया जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र के श्रीरामपुर घाट पर हादसा हुआ है। रविवार को मुंडन संस्कार के लिए यह लोग वहां पहुंचे थे। गंगा नदी के नहाते समय 6 युवक और युवती अचानक पानी में डूब गए। इससे घाट पर अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में लोगों ने पुलिस को सूचना दी और गोताखोरों की टीम को बुलाया।

### जापान में लगी भीषण आग पर 11 दिन बाद पाया काबू

**टोक्यो, (ईएमएस)।** जापान के उत्तर-पूर्वी हिस्से में जंगल में लगी भीषण आग पर 11 दिनों बाद काबू पाया गया। स्थानीय अधिकारियों और फायर एजेंसी के मुताबिक इस आग में 1,633 हेक्टेयर क्षेत्र जलकर राख हो गया, जो पिछले 30 सालों में दूसरी सबसे बड़ी घटना है। जापानी न्यूज एजेंसी के मुताबिक आग 22 अप्रैल को ओत्सुची में शुरू हुई थी। इसमें कुल आठ इमारतें भी जलकर नष्ट हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ओत्सुची के मेयर कोजो हिरानो ने आग पर काबू पाने का क्रेडिट हवाई और जमीनी फायर फाइटिंग ऑपरेशन के साथ-साथ भारी बारिश को दिया। हालांकि उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि कहीं-कहीं अंगारे बचे हो सकते हैं।

### अमेरिका ने शुरु किया 'प्रोजेक्ट फ्रीडम'

**वाशिंगटन, (ईएमएस)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच फंसे जहाजों को निकालने के लिए मदद की घोषणा की है। ट्रंप ने कहा कि कई देशों ने मदद के लिए वाशिंगटन से संपर्क किया और कहा है कि उनका चल रहे झगड़े से कोई लेन-देना नहीं है, लेकिन फिर भी उनके जहाज होर्मुज स्ट्रेट में फंसे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान, मिडिल ईस्ट और अमेरिका की भलाई के लिए हमने इन देशों से कहा है कि हम उनके जहाजों को इन बंद पानी के रास्तों से सुरक्षित बाहर निकालेंगे।

### 9 के जवाब में ईरान ने दिए 14 प्रस्ताव

**दुबई, (ईएमएस)।** ईरान ने अमेरिका को भेजे नवीनतम प्रस्ताव में दोनों देशों के बीच गतिरोध के लिए जिम्मेदार मुद्दों को 30 दिनों के अंदर सुलझाने का आह्वान किया है उसने कहा कि इसका उद्देश्य युद्धविराम को बढ़ाने के बजाय युद्ध को समाप्त करना है। ईरानी मीडिया के मुताबिक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा था कि वह युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान के एक नए प्रस्ताव पर मंथन कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने ईरान के साथ कोई समझौता होने की संभावना पर शक भी जताया। रिपोर्ट के मुताबिक खाड़ी देश की ओर से भेजे गए 14 सूत्रीय प्रस्ताव में युद्धविराम की अवधि बढ़ाने के बजाय युद्ध को समाप्त का आह्वान किया गया है। अमेरिका की नौ सूत्रीय योजना के जवाब में दिए गए इस प्रस्ताव में अमेरिका से ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने, नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करने, क्षेत्र से सेना वापस बुलाने और लेबनान में इजराइल के सैन्य अभियानों समेत सभी प्रकार की शत्रुता समाप्त करने का आह्वान किया है। ईरान ने पाकिस्तानी मध्यस्थ के जरिये अपना जवाब भेजा है।

# जीत से पहले जश्न पर लगाम, नहीं निकलेंगे विजय जुलूस, परिणाम आने से पहले आयोग ने दिया आदेश



**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** देश के विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना की प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा के बीच चल रही है। मतगणना की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक सुब्रता गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि परिणाम आने के दौरान या उसके बाद किसी भी प्रकार की विजय रैली या जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष जताते हुए कहा कि कुछ स्थानों पर तकनीकी कारणों से सीसीटीवी कैमरों के कुछ मिनटों के लिए बंद होने जैसी छोटी शिकायतों का समाधान कर लिया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर मालदा सहित पश्चिम बंगाल के संवेदनशील इलाकों में बख्तरबंद वाहनों से गश्त की जा रही है।

चुनाव के बीच नोआपारा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह ने मतगणना प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्ट्रांग रूम खोलने की घोषणा के समय न तो उन्हें और न ही उनके किसी चुनाव एजेंट को भीतर जाने की अनुमति दी गई। उन्होंने इसे धांधली का प्रयास बताते हुए चुनाव पर्यवेक्षक से औपचारिक शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। दूसरी ओर, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में भी सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम खोले गए और सुचारू रूप से गिनती शुरू हुई।

# चुनाव में बंगाल को छोड़ कहीं 5 बार भी नहीं गए मोदी

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के बाद आज 4 मई का दिन बेहद निर्णायक होने जा रहा है। सोमवार को मतगणना के साथ ही यह साफ हो जाएगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तूफानी चुनाव प्रचार ने जनता के मन पर कितना प्रभाव डाला है। चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद से प्रधानमंत्री ने इन सभी क्षेत्रों में कुल 29 चुनाव प्रचार अभियानों में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने रैलियों, जनसभाओं और मेगा रोड शो के जरिए मतदाताओं को साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री मोदी के चुनावी कार्यक्रमों का सबसे बड़ा केंद्र पश्चिम बंगाल रहा।

यहां उन्होंने कुल 19 जिलों के 24 शहरों और क्षेत्रों में रैलियां कीं। 15 मार्च को चुनाव की घोषणा के बाद से उन्होंने कोलकाता से लेकर मुर्शिदाबाद और बैरकपुर तक भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया। विशेषकर उत्तर 24 परगना जिले



में प्रधानमंत्री ने सर्वाधिक चार बार मोर्चा संभाला, जिसमें पानीहाटी, दमदम और बनगांव के ठाकुरनगर जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल थे। 2021 के चुनाव में इस जिले की 33 सीटों में से भाजपा को केवल पांच पर जीत मिली थी, ऐसे में इस बार प्रधानमंत्री के सघन प्रचार से पार्टी को बड़े उलटफेर की उम्मीद है। कोलकाता और हुगली जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी प्रधानमंत्री ने दो-दो बार जनसभाएं कीं।

### पिछली बार जिले की 30 सीटों पर टीएमसी का था कब्जा

कोलकाता की 11 सीटों पर पिछला प्रदर्शन भाजपा के लिए शून्य रहा था, जिसे बदलने के लिए इस बार मेगा रोड शो का सहारा लिया गया। वहीं, दक्षिण 24 परगना, जो सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का गढ़ माना जाता है, वहां भी प्रधानमंत्री ने दो रैलियां कीं। पिछली बार इस जिले की 31 में से 30 सीटों पर टीएमसी का कब्जा था, जहां भाजपा अपना खाता तक नहीं खोल पाई थी। पश्चिम बंगाल के अलावा प्रधानमंत्री ने असम, तमिलनाडु और केरल में भी चुनावी रैलियों को संबोधित किया, जबकि पुडुचेरी में उनका सबसे संक्षिप्त चुनावी कार्यक्रम रहा। असम में जहां भाजपा अपनी सत्ता बचाने के लिए संघर्ष कर रही है, वहीं तमिलनाडु और केरल में प्रधानमंत्री का जोर गठबंधन की मजबूती और पार्टी के आधार विस्तार पर रहा।

### अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे परिवार के छह लोगों की मौत.....

# सड़क हादसों की दर्दनाक सुबह

### यूपी के जालौन में हुआ भीषण सड़क हादसा, रोहतास में अनियंत्रित ट्रक की टक्कर में 5 लोगों की मौत

**नई दिल्ली/जालौन/पटना, (ईएमएस)।** उत्तर प्रदेश के जालौन जनपद में सोमवार सुबह एक हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें एक ही परिवार के छह सदस्यों की जान चली गई। कालपी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जोल्हुपुर मोड़ के पास हुए इस हादसे में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी पीड़ित ललितपुर जनपद के महरौनी निवासी थे, जो अयोध्या में रामलला के दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे थे। वहीं बिहार के रोहतास जिले में सोमवार की अल सुबह एक रूह कपां देने वाला सड़क हादसा पेश आया, जिसमें पांच लोगों की असमय मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, यूपी के महरौनी निवासी शशिकांत तिवारी अपने परिजनों के साथ कार से अयोध्या गए थे। सोमवार सुबह करीब 6 बजे जब उनकी कार कालपी के पास पहुंची, तो संभवतः चालक को झपकी आ गई। इस वजह से तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित हो गया और सीधे आगे चल रहे एक भारी वाहन से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन राहत कार्य के लिए मौके पर पहुंचे। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य की मौत अस्पताल में उपचार के दौरान हुई। घायलों को कार के मलबे से बाहर निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी; कुछ लोग लगभग एक घंटे तक वाहन के केबिन में ही फंसे रहे। कार में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें शशिकांत, कृष्णकांत, दीपक, हरिमोहन और अन्य सदस्य शामिल थे। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है, जहां कुछ की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। इस घटना ने पूरे महरौनी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। एक साथ परिवार के इतने सदस्यों की मौत ने सुरक्षा मानकों और लंबी यात्रा के दौरान चालकों की थकान जैसे गंभीर विषयों पर एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है।



### तिलक समारोह से लौट रहे एक ही परिवार के पांच लोगों की दर्दनाक मौत

बिहार के रोहतास जिले में सोमवार की अल सुबह एक रूह कपां देने वाला सड़क हादसा पेश आया, जिसमें पांच लोगों की असमय मौत हो गई। यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर दिनारा थाना क्षेत्र के मठिया गांव के समीप हुई। जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी बस और पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। हादसे का शिकार हुए सभी लोग चेनारी थाना क्षेत्र के लोधी गांव में आयोजित एक तिलक समारोह में शामिल होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब तीन बजे जब बस और पिकअप में सवार यात्री मठिया गांव के पास राजमार्ग पर उतर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे काल बने तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पांच लोग वाहनों के नीचे दब गए और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### हादसे में मदद को जुटे लोगों को कार ने रौंदा, 8 की मौत

**आंबेडकरनगर (ईएमएस)।** उत्तर प्रदेश के आंबेडकरनगर जिले में रविवार देर रात एक ऐसा हृदयविदारक हादसा हुआ जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर-जलालपुर मार्ग पर स्थित अशरफपुर भुवा ईंट-भट्ठे के पास हुए इस भीषण एक्सीडेंट में आठ लोगों की जान चली गई। यह हादसा उस वक्त और भी भयावह हो गया जब पहले से हुए एक एक्सीडेंट के घायलों की मदद करने के लिए जुटे ग्रामीणों को एक अनियंत्रित कार ने बेरहमी से रौंद दिया। घटनाक्रम के अनुसार, रविवार रात करीब 11:30 बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई थी। इस टक्कर में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर जमा हो गए और घायलों को प्राथमिक उपचार देने व अस्पताल पहुंचाने की कोशिश करने लगे।

### तुषार मेहता ने अपनी किताब में खोले कई राज

# भगवान समझ बैठे हैं मिलॉर्ड कोर्ट में दबंगई करते हैं जज

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक सॉलिसिटर जनरल रहने वाले तुषार मेहता ने अपनी नई किताब 'द बेंच, द बार एंड द बिज़ार में न्यायपालिका के एक ऐसे पक्ष पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जिस पर अक्सर सार्वजनिक चर्चा से बचा जाता है। मेहता का तर्क है कि अदालतों में वकीलों द्वारा न्यायाधीशों के प्रति दिखाए जाने वाले 'अत्यधिक सम्मान' ने कुछ जजों के भीतर 'देवत्व' का एक झूठा अहसास पैदा कर दिया है। उनके अनुसार, इसी भावना के कारण कुछ जज अदालतों में 'दबंग' की भूमिका में आ गए हैं और वकीलों को दबाने की कोशिश करते हैं।



मेहता ने भारतीय न्यायपालिका की तुलना विदेशी अदालतों से करते हुए लिखा है कि यह न्यायिक दबंगई कई रूपों में प्रकट होती है। कुछ न्यायाधीश वकीलों की दलीलों के दौरान बार-बार टोका-टाकी करते हैं, तो कुछ कठोरता की सीमा लांघकर वकीलों को अपमानित करने से भी नहीं चूकते। कोर्टरूम में शक्ति का संतुलन पूरी तरह जज के पक्ष में होने के कारण वकीलों के पास विरोध के विकल्प बहुत सीमित रह जाते हैं। उन्होंने अदालती भाषा पर भी कटाक्ष किया कि कैसे एक वकील को स्पष्ट कानूनी गलती दिखने पर भी झुककर 'मिलॉर्ड' कहना पड़ता है और जज की बात को गलत कहने के बजाय 'वैकल्पिक प्रस्ताव' की अनुमति मांगनी पड़ती है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य में दो जहाजों पर हमले

**तेहरान, (ईएमएस)।** पश्चिम एशिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। पिछले 24 घंटों के भीतर दो अलग-अलग जहाजों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता की लहर दौड़ा दी है। इन हमलों ने न केवल समुद्री व्यापार की सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि क्षेत्र में पहले से जारी भू-राजनीतिक तनाव को भी हवा दे दी है।

## व्यापार

# चावल का सरकारी स्टॉक बढ़ने के आसार

**इंदौर।** केन्द्र सरकार ने 2025-26 के सम्पूर्ण मार्केटिंग सीजन (अक्टूबर-सितम्बर) में कुल 566.60 लाख टन चावल की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसमें खरीफ सीजन के लिए 487 लाख टन और रबी सीजन के लिए 79.60 लाख टन का लक्ष्य शामिल है। ज्ञात हो कि 2024-25 के पूरे मार्केटिंग सीजन में केन्द्रीय पूल के लिए 545.20 लाख टन चावल खरीदा गया था। अब तक चावल की कुल सरकारी खरीद 498.60 लाख टन पर पहुंच चुकी थी जो पिछले सीजन की इसी अवधि की खरीद 470.20 लाख टन से अधिक रही। खरीद की प्रक्रिया अभी जारी है। खरीफ एवं रबी के साथ-साथ देश में ग्रीष्मकाल या जायद सीजन में भी धान की खेती होती है। इस बार ग्रीष्मकालीन धान का उत्पादन क्षेत्र 30 लाख हेक्टेयर पर पहुंचा है जो पिछले साल के क्षेत्रफल से कुछ कम है। इसकी खेती अब लगभग पूरी हो चुकी है। केन्द्रीय पूल में चावल का विशाल स्टॉक मौजूद है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को नियमित रूप से मिलर्स द्वारा कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) की आपूर्ति की जा रही है। जून से खरीफ कालीन धान की रोपाई शुरू होगी।

**दलहन**-चना कांटा 5675-5725, विशाल 5600-5650, मसूर 6050-6100, तुवर महाराष्ट्र सफेद 7100-7300 महाराष्ट्र लाल 7400-7600 कर्नाटक नई 7600-7800, निमाड़ी नई तुवर 6000 7200, मूंग बेस्ट गर्मी 8000 8250, मूंग बेस्ट बोल्ड 8200-8400, एवरेज 6500-6700, मोगर 5500 -6500, उड़द बोल्ड 8500-8700 एवरेज 7000-8000, हल्का उड़द 4000-6000, काबुली डॉलर 7400-8600, काबुली रशियन 5600-5800, बिटकी 5000-5200 रुपए क्विंटल है।



**दालें**-चना दाल 7000-7100 मीडियम 7250-7300 बेस्ट 7500-7700 मसूर दाल 7800-7900 बेस्ट 8000-8100 मूंग दाल 9500-9600 बेस्ट 10000-10100 मोगर 10500-10700 बेस्ट 10900-11100 तुवर दाल 7300-7500 मीडियम 8500-8700 बेस्ट 9800-10100 ए. बेस्ट 10900-11000, ब्रांडेड तुवर दाल नई 12200 उड़द दाल 9700-9900, बेस्ट 10200-10400, उड़द मोगर 10800-11000 बेस्ट 11200-11600 रुपये प्रति क्विंटल।

**चावल**-बासमती (921) 10500-11500, तिबार 9000 10000, बासमती दुबार पोनिया 8000-8500, मिनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6500, बासमती सेला 6500-9000 कालीमूंछ डिनरकिंग 8500, राजभोग 7000, दुबराज 4000-4500, परमल 3400-3500, हंसा सेला 3500-3700, हंसा सफेद 2900-3100, पोहा 4500-5100 रु. क्विंटल।

# सोना-चांदी में मुनाफावसूली के आसार

**इंदौर।** अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उम्मीद से ग्लोबल फैक्टर्स से निवेशकों का भरोसा सोने-चांदी में फिर बढ़ गया है जिसका असर दोनों कीमतीं धातुओं के दामों पर पड़ा। कामेक्स पर सोना 4700 डालर प्रति औंस और चांदी 77.32 पर मजबूत हैं। इससे स्थानीय बाजार में भी दोनों कीमती धातुओं में तेजी आई है। हालांकि माना जा रहा है कि अमेरिकी-ईरान शांति समझौता फाइनल होने तक सोने-चांदी में हर बढ़त पर मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है।

**इंदौर सराफा**- सोना केडबरी रवा नकद 152000, सोना आरटीजीएस 150100, सोना 22 कैरेट 137500 रुपये प्रति दस ग्राम (जीएसटी अतिरिक्त), चांदी चौरसा 246000, चांदी आरटीजीएस 254000 चांदी टंच 246500 रुपये प्रति किलो और चांदी सिक्का 2600 रु. प्रति नग।

## तेल-तिलहन

**खाद्य तेल**-मूंगफली तेल इंदौर 1630-1650, मुंबई 1650, इंदौर सोया रिफाइंड 1475-85 सोया साल्वेंट 1410-1415, इंदौर पाम 1540, मुंबई सोया रिफाइंड 1520, मुंबई पाम 1480 राजकोट तेलिया 2560, गुजरात लूज 1600, कपास्या तेल इंदौर 1460 रुपए प्रति दस किलो।

**तिलहन**-सरसो निमाड़ी(बारीक) 7500-7700, रायडा 6500-6700, सोयाबीन 5500-6500 रु. प्रति क्विंटल।

**कपास्या खली**- (60 किलो भरती) इंदौर 2525, देवास 2525, उज्जैन 2525, खंडवा 2500, बुरहानपुर 2500, अकोला 3900 रुपए।

# मखाना, अंजीर व मनुक्का में मंदी

**इंदौर।** गर्मी के कारण सूखे मेवों में व्यापार बेहद कमजोर चल रहा है।आवक के सामने ग्राहकी कमजोर होने से मखाना, अंजीर, मनुक्का आदि में गिरावट का रुख है, जबकि लौंग में पांच रुपए किलो की तेजी दर्ज हुई है। बाजार क्षेत्रों के अनुसार बिहार लाइन से मखाना खूब आ रहा है। भावों में 25-40 रुपए की गिरावट आ चुकी है। भविष्य भी तेजी सूचक नहीं लग रहा है। ग्राहकी निकलने पर ही तेजी संभव है। जीरा राजस्थान के प्रमुख केंद्रों में नई फसल आवक बढ़ने से दबाव में है। कीमतें 0.3% गिरकर 19,965 आ गई। जिसका कारण आवक में बढ़ोतरी थी। आपूर्ति में अचानक उछाल आया, न कि धीरे-धीरे। किसान खरीफ बुवाई के मौसम से पहले नकदी जुटाने के लिए सक्रिय रूप से अपना स्टॉक बेच रहे हैं, जिससे बिक्री का दबाव बना हुआ है। इसके अलावा, ऊंझा मंडी में आवक लगभग 28,500 बोरियों के ऊंचे स्तर पर स्थिर हो गई है, जो कीमतों में और बढ़ोतरी को रोक रही है।



**सियागंज में शकर**-4125-4150 गुड़ भैली 4100, कटोरा 4600-4700 लड्डू 4700-4900, खोड़ी 4900-5000, ग्लास 50005200 रुपए क्विंटल।

**नारियल**- 120 भरती 2800, 160 भरती 2800-2850, 200 भरती 2800-2850, 250 भरती 2500-2600 रुपए प्रति बोरी।

**खोपरा गोला** - 390-430 कट्टे में 375-80 रुपए प्रति किलो । खोपरा बूरा 3300-6600 रुपए प्रति (15 किलो)।

**मसाले**-कालीमिर्च 715-801, हल्दी निजामाबाद 170 से 210, हल्दी सांगली 260 से 265 जीरा 235-40, मीडियम 245-50 बेस्ट 265-80, सौंफ मोटी 100-255, बेस्ट 145-221, एक्सट्रा बेस्ट 275-350, लौंग चालू 725-50 बेस्ट 800, दालचीनी 220-45, जायफल 840-860 जावत्री 1650 1975, बाद्यान फूल 370 575 शाहजीरा 890 900 तेजपान 90-97, नागकेसर 885-950, सौंठ 260, धोली मूसली 1100, हींग 751-3450, पाउच में 10 ग्राम 3550, 121- 50 ग्राम 3250, पाउच में 10 ग्राम 3330, 111-50 ग्राम 3150, पाउच में 10 ग्राम 3130, पावडर 850-900 हरी इलायची 2850-3550 रुपए ।




**सूखे मेवे**-काजू डब्ल्यू 240 नंबर 920-950, डब्ल्यू 320 825-850, डब्ल्यू 300 नंबर 800-25, जेएच 800-820, टुकड़ी 770-90, बादाम इंडिपेंडेंट 770-780, अमेरिकन 840-850, मोटा दाना 930-945, खसखस 1100-1150, बढिया 1400-1550 तरबूज मगज 550-580, खारक 75 125, बेस्ट 125-175, किशमिश कंधारी बेस्ट 500-740, इंडियन 375-400 बेस्ट 410-35, चारौली 1400 मनुक्का 350-900, अंजीर 625-1150, बढिया 1300 2000, मखाना 600 1100, पिस्ता 2100 2200, नमकीन पिस्ता 950-1300, अखरोट 580--825, गिरी 1250-1350, जदालू 375-650 केसर 190-210 रुपए प्रति ग्राम।

**पूजन सामग्री**- देशी कपूर 720-770 पूजा बादाम 115 से 125, बेस्ट 220 से 230, पूजा सुपारी 425 से 450, अरीठा 180 सिंदूर (25 किलो) 7450 रुपये।

# भावनाओं और संवेदनाओं को समेटे हुए है, फिल्म बारहसिंगा - राजेश शर्मा







**मुम्बई ।** अभिनेता निर्माता -निर्देशक महेश भट्ट ने ,कभी सोचा भी नहीं होगा कि फिल्म सारांश सफलता के झंडे गाड़ेगी? एक पिता और पुत्र की कहानी को अनुपम खेर ने जीवंत कर दिया था, एक पिता अपने पुत्र की अस्थी कलश लेने के लिए काफी परेशान होता है। अनुपम खेर के अभिनय को देख कभी भी ऐसा नहीं लगा कि एक दिन अनुपम खेर इतने बड़े सजीक कलाकार बन बैठेंगे, अभिनेता/निर्माता-राजेश शर्मा की फिल्म बारहसिंगा भी पिता पुत्र की एक मार्मिक कहानी कहती है। एक पिता अपने पुत्र को कामयाबी के उस मुकाम पर देखना चाहता है। जिसके लिए पिता हर परेशानी का सामना करता है। फिल्म बारहसिंगा लीक से हटकर फिल्म बनी है। राजस्थान की खुबसूरत वादियों में इस का फिल्म बारहसिंगा का चित्रांकन हुआ है, पूरी फिल्म अभिनेता/निर्माता राजेश शर्मा के सुन्दर अभिनय पर चलती है।आज टेक्नोलॉजी ने मध्यम वर्ग की पहुँच के भीतर वाले हाई डायमेशन डिजिटल कैमरे को इजाद कर दिया है, यहाँ तक कि अब तो आप अपने मोबाइल पर अपनी फिल्म शूट कर सकते हैं। आज अच्छा सिनेमा आते ही फिल्मों की आय पचास गुना अधिक हो गई है। सिनेमा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से मनुष्य के चेतन अवचेतन को प्रभावित करता है। फिल्म बारहसिंगा में भावनाओं एवं संवेदनाओं को अपने विषयों में समेट लेती है।

एक मध्यम वर्ग के परिवार के संघर्ष की सच्ची घटना पर बनी फिल्म को बच्चे, उनके अभी भावक और शिक्षक जब सिनेमा घर मे फिल्म को देखते है, उस परिवार के संघर्ष के साथ जुड़ जाते है, एक पिता के संघर्ष को अनुभव करते है, उसके दुखी होने पर दुखी होते है, उसके रोने पर साथ रोते है, उसकी जीत पर तालियां बजाते है, कई सालों बाद एक एसी फिल्म का जन्म हुआ है, जो अपने विषय को सार्थक कर रही है, और बच्चों में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रही है ,पूरे देश मे बारहसिंगा की धूम है । फिल्म के तकनीशियन कलाकारों ने अथक परिश्रम करके, फिल्म दर्शकों तक पहुंचाई है ,जो मीलों तक याद रहेगी, फिल्म के कलाकार तकनीशियन फिल्म के निर्माता आर.एस. शर्मा, निर्देशक राजीव रंजन दास, छायाकार दुर्गेश शर्मा और संपादक संजय दास हैं। पद्मश्री अनिल रस्तोगी, राजेश शर्मा, आलोक कपूर, प्रकाश शुक्ला, सुषमा मिश्रा, भावेश बब्बानी, मुस्कान मूलचंदानी, किशोर भानुशाली, निवा सहाय, प्रकाश चौहान, धर्मेश तेरैया, रोशनी तिवारी, योगेश पांडे, संजय तिवारी, पवन सक्सेना, आकाश शर्मा, एम. अली पारा और बाड़मेर के रंगमंच से जुड़े कलाकारों में गोपी किशन शर्मा, प्रियंका खेमानी,दिनेश कृपलानी, हीतेश शर्मा, स्वरुप दहीया,नीरज शर्मा, व अन्य कई लोकल कलाकारों का शानदार अभिनय रहा ।

कला -संतोष गिरि, मेकअप व हेयर भक्ति पांडा व अश्विनी नारायण, कॉस्ट्यूम जवाहरलाल वर्मा, कोरियोग्राफर सुनील ठाकुर, साउंड व एडिट संजय आर. दास, क्क्रह्. ज़ाकिर सिसोदिया, P.R.O.( मध्य प्रदेश) जय सिंह रघुवंशी, एसोसिएट सत्येंद्र दुबे व वीरेंद्र बिथरिया, चीफ A.D. कार्यकारी निर्माता, धर्मेश तरैया विश्वनाथ कुमार मसूर, प्रोडक्शन संदीप, अकाउंट्स मैनेजर आर. जी. वर्मा। संगीत राजीब-मोना, प्रकाश चौहान। गायक प्रकाश चौहान, राजेश तिवारी, अनुश्री जैन, बुद्धा एम. आंचल ठाकुर कहानी-राजेश शर्मा पट -कथा -राजीव रंजन दास/राजेश शर्मा पब्लिसिटी डिजाईन-अजय सहा ए-एम.बी. मीडिया मुंबई प्रजेन्ट्स।

## सैमसन ने सीएसके में आते ही अपने को साबित किया : गायकवाड़



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बल्लेबाज संजू सैमसन ने आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से सबसे अधिक रन बनाये हैं। अब तक सीएसके को जीत मिली हैं। उसमें भी सैमसन की सबसे बड़ी भूमिका रही है। सैमसन को इसी साल सीएसके ने ट्रेड डील के जरिये राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था और उसका ये दांव सफल रहा। सैमसन ने उसकी ओर से अब तक इस सत्र में दो शतक लगा दिया है। वहीं कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में सैमसन ने नाबाद 87 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने के साथ ही पलेऑफ की दौड़ में भी बनाये रखा है। इसी को देखते हुए टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने भी कहा है कि सैमसन ने आते ही कमाल कर दिया। अपने प्रदर्शन से वह टीम के सबसे भरोसमंद खिलाड़ी बन गये हैं। सैमसन ने तीसरी बार 80 से अधिक रन का स्कोर था, और एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि जब भी उन्होंने 40 रन का आंकड़ा पार किया है, सीएसके ने जीत हासिल की है। संजू की ये फार्म 2026 टी20 विश्व कप के अंतिम चरणों से ही लगातार जारी है। गायकवाड़ ने सैमसन की प्रशंसा करते हुए कहा, विश्व कप से लेकर अभी जिस तरह का टूर्नामेंट संजू ने खेला है, उसके बाद टीम में उनका होना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है।

## दिल्ली कैपिटल्स के लिए प्लेऑफ के दरवाजे अभी बंद नहीं

**नई दिल्ली (ईएमएस)।**



आईपीएल के इस 19 वें सत्र में अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और उसे 10 में से 6 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। जिससे उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनएं भी कमजोर हुई हैं हालांकि ये समाप्त नहीं हुई हैं। कैपिटल्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। टीम 6 हारने के बाद वे अंक तालिका में सातवें स्थान पर खिसक गयी है। टीम के अभी आठ अंक हैं और उसे अब बचे हुए सभी चार मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे।

उसे प्लेऑफ में पहुंचने इन सभी चारों मैचों में हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। ऐसा करने पर उनके अंकों की संख्या बढ़कर 16 पहुंच जाएगी। आईपीएल इतिहास पर ध्यान दें तो 16 अंकों वाली टीम को प्लेऑफ में अवसर मिल ही जाता है। उसे पर , अपने नेट रन रेट में भी सुधार करना होगा, जो वर्तमान में माइनस में है और करीबी मुकाबलों में निर्णायक साबित हो सकता है।

दिल्ली कैपिटल्स को अब हर मैच जीतना होगा। एक भी हार उसे बाहर कर देगी। यदि वे बचे हुए चार मैचों में से एक भी मुकाबला हारते हैं, तो उनके अधिकतम अंक 14 तक ही पहुंच पाएंगे। इस बार 14 अंकों के साथ प्लेऑ में पहुंचना लगभग असंभव है। अंक तालिका की स्थिति देखें तो पाएंगे कि पहले से ही छह टीमों के खाते में 10 या उससे अधिक अंक हैं। इनमें से एक टीम के पास 13 अंक हैं और चार टीमें 12-12 अंकों के साथ शीर्ष-4 में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। ऐसे में 14 अंक पर टीम बाहर हो जाएगी। अधिकतर टीमें 16 या उससे अधिक अंक तक पहुंच सकती हैं।

दिल्ली के लिए राह और भी कठिन इस कारण से है क्योंकि उनके बाकी बचे चार मुकाबले आसान नहीं हैं। उन्हें दो बार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से खेलना है। इसके अलावा उसे पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स से भी खेलना है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछली टक्कर में दिल्ली को 264 रन बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसे पंजाब से सतर्क रहना होगा। वहीं, राजस्थान रॉयल्स इस सीजन की सबसे खतरनाक टीमों में से एक रही है।

## अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची सनराइजर्स पंजाब किंग्स दूसरे नंबर पर खिसकी



**हैदराबाद (ईएमएस)।**

पंजाब किंग्स (पीबीसकेएस) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) मैच के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की अंक तालिका में बदलाव आया है और शुरुआत से ही शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स अब दूसरे नंबर पर खिसक गयी है। वहीं सनराइजर्स पहले नंबर पर आ गयी है। पंजाब किंग्स को सनराइजर्स के खिलाफ मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इसी कारण उसके हाथ से नंबर एक स्थान निकल गया। वहीं इस मैच के परिणाम से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर भी प्रभाव पड़ा है और वह दूसरे से तीसरे नंबर पर खिसक गयी है।

सनराइजर्स अब अंक तालिका में शीर्ष पर है, जिसने 11 मैचों में 7 जीत के साथ कुल 14 अंक हो गये हैं। इतने अंक फिलहाल अन्य किसी टीम के नहीं हैं। वहीं, लगातार तीन मैचों में हार का सामना करने के बाद, पंजाब किंग्स 10 मैचों में 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गई है। आरसीबी, जो इस मैच से पहले दूसरे पायदान पर थी, अब 9 मैचों में 6 जीत और 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई है। बेहतर नेट रन रेट के कारण वह चौथे स्थान पर मौजूद राजस्थान रॉयल्स (आरआर) से आगे है, जिसने 10 मैचों में 6 जीत के साथ 12 अंक हासिल किये हैं।

वहीं शीर्ष चार से बाहर, पांचवें स्थान पर गुजरात टाइटन्स (जीटी) है। जीटी ने भी 10 मैचों में 6 मुकाबले जीते हैं और उसके भी 12 अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट में पिछड़ने के कारण वह शीर्ष 4 से बाहर है। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स 10 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक लेकर छठे स्थान पर बरकारार है। दिल्ली कैपिटल्स 10 मैचों में 4 जीत और 8 अंकों के साथ सातवें नंबर पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 9 में से 3 मैच जीते हैं और एक मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा, जिससे उसके खाते में 7 अंक हैं और वह आठवें स्थान पर है। अंक तालिका में नौवें स्थान पर मुंबई इंडियंस है, जिसने 10 मैचों में केवल 3 जीत हासिल की हैं और उसके 6 अंक हैं। सबसे निचले पायदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है, जिसने इस सीजन के आधे से अधिक मुकाबले खेलने के बाद भी 9 मैचों में केवल दो जीत दर्ज की हैं और उसके पास सिर्फ 4 अंक हैं।

## ऑरेंज कैप की सूची में नंबर एक पर पहुंचे क्लासेन, पर्पल कैप में भुवनेश्वर शीर्ष पर बरकरार

**हैदराबाद (ईएमएस)।**



पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मैच में के बाद आईपीएल 2026 के लिए ऑरेंज कैप की सूची में बदलाव आया है। सनराइजर्स के हेनरिक क्लासेन अब 494 रन बनाकर नंबर एक पर पहुच गये हैं। वहीं उन्हीं की टीम के अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। दूसरी और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में क कोई बदलाव नहीं आया है और भुवनेशवर कुमार सबसे अधिक 17 विकेट लेकर नंबर एक पर बने हुए हैं। सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका के क्लासेन के 11 मैचों में 54.88 के औसत से कुल 494 रन हो गए हैं।

वहीं अभिषेक ने अब तक 11 मुकाबलों में 47.50 के औसत से 475 रन बनाये हैं। दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल अब तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं, जिन्होंने 10 मैचों में 49.44 के औसत से 445 रन बनाए हैं। सनराइजर्स के ईशान किशन ने बड़ी छलांग लगाई है। वह चौथे स्थान पर पहुंच गए, अब उनके 11 मैचों में 37.18 के औसत से 409 रन हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय ओपनर वैभव सूर्यवंशी पांचवें नंबर पर लुढ़क गए हैं, जिनके 10 मैचों में 404 रन हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है और वह नौवें पायदान पर फिसल गये हैं। पंजाब टीम के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह टॉप-10 से बाहर होकर 11वें नंबर पर फिसल गए हैं।



फोटो-ईएमएस। जर्मनी के म्यूनिख शहर में यूईएफए चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए पेरिस सेंट जर्मेन और बेयर्न म्यूनिख के खिलाड़ी।

## रियान पराग को बिना कुछ किये ही मिल गई रॉयल्स की कप्तानी

**मुम्बई (ईएमएस)।**



अपने बयानों के कारण विवादों में रहने पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी रियान पराग को दिये जाने पर सवाल उठाये हैं। मांजरेकर ने कहा है कि रियान को बिना कुछ किये ही कप्तानी मिल गयी। मांजरेकर ने कहा कि रियान को कप्तानी एक प्राकर से इनाम के तौर पर मिली है। रॉयल्स ने नियमित कप्तान संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स जाने के बाद रियान को कप्तानी दे दी थी। आईपीएल 2025 में भी रियान ने कुछ मैचों में कप्तानी की थी पर वह सफल नहीं रहे थे। पर आईपीएल इसे वर्तमान सत्र में उन्होंने टीम को 10 में से 6 मैच जिताकर अपने को साबित किया है। इसके बाद भी मांजरेकर के उनपर सवाल उठाने से सभी हैरान हैं। मांजरेकर ने पराग को लेकर कहा, वह आम भारतीय खिलाड़ियों में से एक नहीं है। वह फिट है, लेकिन मैं कहूंगा, इतने सालों में मैंने जिस तरह का प्रदर्शन देखा है, उसके बाद, यह कुछ ऐसा है जो मुझे थोड़ा अजीब लगता है कि राजस्थान रॉयल्स ने उसे इतना अधिक समर्थन दिया है। मांजरेकर ने आगे यह भी कहा कि राजस्थान रॉयल्स ने रियान पराग को बेकार ही ये जिम्मेदारी दी। साथ ही कहा, मेरा मतलब है, संजू सैमसन ने कुछ सालों तक उनके लिए कप्तानी की और फिर उन्हें हटा दिया गया और रियान ने उनकी जगह ले ली। मुझे नहीं पता कि वहां क्या हुआ? लेकिन मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट के नज़रिए से, इसका कोई मतलब बनता है। मांजरेकर ने साफ शब्दों में अपनी असहमति जताते हुए कहा, यह कहना थोड़ा कठोर है, लेकिन उसे इनाम के तौर पर बहुत ज़्यादा मिल गया है। उन इनामों के लिए सच में कड़ी मेहनत नहीं की। इसलिए यह राजस्थान रॉयल्स से जुड़ा एक बहुत ही दिलचस्प मामला है।

रियान 2019 से राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं। आईपीएल 2026 के मौजूदा सीज़न में, उन्होंने 10 पारियों में 207 रन बनाए हैं। इसमें हाल ही में खेली गई एक धमाकेदार पारी भी शामिल है, जिसमें उन्होंने 50 गेंदों में 90 रन बनाए थे।

## पीसीबी अब व्यावसायिक साझेदारों से वसूली में लगी

**लाहौर (ईएमएस)।** आर्थिक संकटों में फंसे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अब पीमियर लीग (पीएसएल) टूर्नामेंट समाप्त होने के बाद अरबों रुपये की वसूली के लिए अभियान शुरु कर दिया है। पीसीबी को कई फ्रेंचाइजी, प्रसारण और व्यावसायिक साझेदारों से बकाया अरबों रुपये की राशि अब तक नहीं मिली है। जिसको देखते हुए बोर्ड अब कड़ा रुख अपनाना चाहता है। बोर्ड ने इन सभी पक्षों को कानूनी नोटिस जारी कर भुगतान न करने पर गंभीर कानूनी कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी है।



इस अभियान के तहत शुरुआत में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की कुछ ऐसी फ्रेंचाइजी को नोटिस भेजे गए थे, जिन्होंने अपनी वार्षिक फीस का भुगतान नहीं किया था। इन नोटिसों के बाद, संबंधित फ्रेंचाइजी ने अपनी बकाया राशि का भुगतान कर दिया है। हालांकि, भुगतान के साथ ही उन्होंने बोर्ड से यह भी मांग की है कि वह 2010 से लंबित फ्रेंचाइजी के केंद्रीय पूल से उनके हिस्से का बकाया चुकाए।

## मुम्बई इंडियंस के साथ रायपुर नहीं पहुंचे हार्दिक , टीम में मतभेद की अटकलें लगीं

**रायपुर (ईएमएस)।**

मुंबई इंडियंस टीम 10 मई को रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले मैच के लिए पहुंच गयी है पर टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या नहीं पहुंचे हैं। जिससे कई सवाल उठ रहे हैं। ये भी अटकलें हैं कि टीम में सब कुछ ठीक नहीं हैं। महत्वपूर्ण मैच से पहले कप्तान की अनुपस्थिति से प्रशंसकों का आशंकित होना जायज भी है। वहीं आधिकारिक रूप से यह बताया नहीं गया है कि हार्दिक बाद में टीम के साथ जुड़ेंगे या नहीं। हार्दिक को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ पिछले मैच से पहले पीठ में जकड़न आ गयी थी। इसी कारण वह तब मुकाबले से बाहर हो गये थे। ऐसे में उनकी जगह पर अनुभवी बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने टीम की कप्तानी की थी। उस मैच में मुंबई इंडियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ को हराया था, जिससे टीम ने प्लेऑफ की अपनी संभावनएं बरकरार रखीं थीं। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। पांच बार की चैंपियन टीम ने अब तक कुल 10 मैच खेले हैं जिसमें से उसे 3 में ही जीत मिली है, जबकि 7 मैचों में वह हारी है। इस कारण टीम अंक तालिका में 9वें नंबर पर खिसक गयी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप विश्वस्तरीय अलौकिक सिंहस्थ के अंतर्गत प्रगतिरत सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं

# करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सिंहस्थ के कार्य महत्वपूर्ण है -संभागायुक्त सिंह

उज्जैन। संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को सिंहस्थ के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों का नियमित निरीक्षण किया। संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप विश्व स्तरीय अलौकिक सिंहस्थ महापर्व के लिए प्रगतिरत विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा पूरा किया जाए।



सिंहस्थ महापर्व 2028 के दौरान विश्व भर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा अनुसार ही निर्माण कार्य हो रहे है। निर्माण के दौरान गुणवत्ता को लेकर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों का नियमित निरीक्षण करते हुए गुरूवार को मार्ग चौड़ीकरण कार्य के निरीक्षण में गैल इंडिया चौराहा से शांतिनगर, नीलगंगा कवेलू कारखाना चौराहा तक 2700 मीटर लंबे और 18 मीटर चौड़े मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद संभागायुक्त सिंह ने कवेलू कारखाना चौराहा पर निर्माणाधीन अंडर पास की मैप डिजाईन देखी और निर्देश दिए कि अंडरपास के माध्यम से श्रद्धालुओं और आमजनों को आने-जाने में सुविधा रहे, इसके लिए रोटरी का निर्माण भी किया जाए। रोटरी बनने से भीड़ नियंत्रण भी किया जा सकेगा। संभागायुक्त सिंह ने मौके पर निर्माण एजेंसी को सड़क निर्माण कार्य में फिनिशिंग करने और निर्माण सामग्री में गुणवत्ता रखने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने मकोडिया आम से सांदीपनि आश्रम मार्ग तक 1.70 किलोमीटर लंबे सीमेंट कांक्रीट सिक्स लेन मार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस मार्ग पर विद्युतीकरण कार्य भी मार्ग चौड़ीकरण कार्य के साथ प्रगतिरत है। मार्ग में विद्युत पोल शिफ्टिंग, चौड़ीकरण के लिए खोदाई कार्य, सबग्रेड कार्य दोनों ओर से प्रगतिरत है। रिटेनिंग वॉल का निर्माण भी 220 मीटर पर प्रगतिरत है। काल भैरव मंदिर मार्ग, सिद्धवट मार्ग, भैरवगढ़ चौराहा से कालियादेह पैलेस तक फोर लेन मार्ग का निरीक्षण करते हुए यहां प्रमुख मार्गों को मिलाने वाले निर्माणाधीन फ्लायओवर कार्य की जानकारी ली। निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए निर्माण एजेंसी को अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य तेज गति से कराने के निर्देश दिए।संभागायुक्त सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रगतिरत सभी विकास कार्यों को चुनौती के रूप में लेते हुए गुणवत्ता पूर्ण निर्माण समय पर किया जाना है। सिंहस्थ 2028 महापर्व पर विश्व स्तरीय आयोजन के लिए आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुविधा, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन, भीड़ प्रबंधन के लिए काम हो रहे है।सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य को तेज गति से करें। संबंधित विभागीय अधिकारी मौके पर निर्माण कार्य की सतत मॉनिटरिंग करते रहे।

## »न्यूज ब्रीफ

### 09 मई को गर्भवती महिलाओं के लिए शिविरों का आयोजन

**उज्जैन।** गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात जांचों की व्यवस्था एवं जोखिम पूर्ण तथा सुचारू प्रबंधन के उद्देश्य से जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान सफलता पूर्वक संचालित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत प्रतिमाह 09 व 25 तारीख को जिले की शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर आयोजित किए जा रहे है।जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया कि 09 मई को प्रात: 09.00 से सायं 05.00 बजे तक जिले की निम्नलिखित शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### नशा मुक्ति केन्द्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन



**उज्जैन।** जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के 100 दिवसीय निक्षय शिविर के अंतर्गत उज्जैन जिले में 24 मार्च से आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस परिपालन में 07 मई को उच्च जोखिम वाले परिवर्तन नशा मुक्ति केन्द्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टीवी, एचआईव्ही, ब्लड शुगर, बीपी, हिमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। उक्त शिविर में लगभग 75 चेस्ट एक्सरे हैंड हेल्ड एक्सरे मशीन द्वारा किए गए।इस अवसर पर एनटीईपी स्टॉफ द्वारा आमजनों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई।

### बड़ा होकर दौड़ सकेगा देवराज' जन्म से टेढ़े पैरों का पूर्ण उपचार एवं सफल ऑपरेशन

**उज्जैन।** जिला उज्जैन के झारखा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेकली निवासी ईश्वर एवं श्रीमती लक्ष्मी के घर जन्मे नवजात देवराज के दोनों पैर जन्म से ही टेढ़े (क्लब फुट) थे। माता-पिता चिंतित थे कि उनका बेटा बड़ा होकर कभी सामान्य रूप से चल-फिर नहीं पाएगा। लेकिन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत मिली समय पर स्क्रीनिंग, उचित चिकित्सा और सफल सर्जरी ने इस चिंता को पूरी तरह दूर कर दिया।देवराज के जन्म के समय आरबीएसके टीम द्वारा स्क्रीनिंग की गई। जिला चिकित्सालय उज्जैन के बाल चिकित्सा विशेषज्ञों ने जांच कर पुष्टि की कि दोनों पैरों में क्लब फुट की समस्या है। माता-पिता को विश्वास दिलाया गया कि समय पर उपचार से बच्चा पूरी तरह सामान्य जीवन जी सकेगा। श्रीमती विनीशा सोलंकी(आरबीएसके चिकित्सक) के मार्गदर्शन में देवराज को जिला चिकित्सालय उज्जैन के कैस्ट एवं निरंतर फॉलो-अप के साथ 08 महीने की उम्र में सफल ऑपरेशन किया गया। वर्तमान में बच्चे की हालत बेहतर है और वह जल्द ही सामान्य बच्चों की तरह चलने-दौड़ने लगेगा।

घर में घुसकर परिवार पर हमला

# गाड़ी फूंकी, महिलाओं से मारपीट एक घंटे चलता रहा हंगामा

उज्जैन। माधवनगर थाना क्षेत्र स्थित कंचनपुरा इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर देर रात एक घर में घुसकर हमला किया गया। हमलावरों ने परिवार के सदस्यों से मारपीट की, घर में तोड़फोड़ की और एक गाड़ी में आग लगा दी। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार, कंचनपुरा निवासी आईटीआई कर्मचारी भगीरथ रायकरवार घटना के समय ड्यूटी पर थे। उनके घर में उनकी बेटी पूजा और बुजुर्ग दादी मौजूद थीं।

### पुराने विवाद पर किया हमला

इसी दौरान, पड़ोस से जुड़े पुराने विवाद के चलते गोलू उर्फ पप्पू (28) निवासी ढांचा भवन अपने 8 से 10 साथियों के साथ वहां पहुंचा। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब के नशे में थे और उन्होंने घर के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों के मुताबिक, आरोपियों ने पहले घर के दरवाजे पर एसिड से भरी बोतलें फेंकीं। इसके बाद उन्होंने लाठी-डंडों से दरवाजे, खिड़कियां और घर का



सामान तोड़ना शुरू कर दिया। टीवी सहित अन्य घरेलू सामान में भी जमकर तोड़फोड़ की गई। घर में मौजूद महिलाओं, पूजा और उनकी दादी के साथ मारपीट की गई, जिससे वे घायल हो गईं। घटना से घबराई पूजा ने अपनी बुआ उषा और चचेरे भाई भारत को मदद के लिए बुलाया। हालांकि, उनके पहुंचने पर बदमाशों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसी दौरान, घर के बाहर खड़ी एक गाड़ी में आग लगा दी गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

### पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हुए आरोपी

सूचना मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मौके से गोलू और उसके नाबालिग साले को हिरासत में ले लिया, जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। घायलों को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पूजा और उनकी दादी का इलाज जारी है। माधवनगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरिया ने बताया कि मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रात 12 बजे बाद पहुंचे बदमाश

इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। फुटेज में रात करीब 12 बजे से 1 बजे तक लगातार हंगामा, मारपीट और तोड़फोड़ होती दिखाई दे रही है। लगभग एक घंटे तक इलाके में गुंडागर्दी का यह तांडव चलता रहा, जिससे क्षेत्र के लोग भयभीत हो गए।

## किसान ई-विकास पोर्टल से प्राप्त करे खाद

**उज्जैन।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ फसलो की बोनी की तैयारी के लिए जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान स्थिति में लगभग 13817 मे.टन यूरिया, 11431 मे.टन डीएपी, 9201 मे.टन एनपीके, 9403 मे.टन एसएसपी खाद उपलब्ध है। विषम वैश्विक परिस्थितियों के उपरांत भी सरकार द्वारा जिले में उर्वरको की आपूर्ति निर्बाध तथा तय कार्यक्रम अनुसार निरंतर की जा रही है। जिले में उक्त उपलब्ध खाद सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रवार, निजी दुकानवार ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि आप अपनी आवश्यकतानुसार खाद अपनी सोसायटी /मन पसंद दुकान से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर खाद प्राप्त कर सकते है। ई-विकास प्रणाली में राजस्व पट्टाधारी, सिकमी किसान, शारीरिक रूप से अक्षम किसान, वृद्ध किसान, मृतक किसान के वारिसान को धार्मिक संस्थान / ट्रस्ट आदि की जमीन के लिए खाद उपलब्ध कराने के लिए भी सुविधा दी गयी है।

1 मिनट 38 सेकेंड में बाइक चोरी...

# सीसीटीवी में कैद 3बदमाश, थाने पहुंचे पीड़ित को 24 घंटे बाद आने को कहा



उज्जैन। उज्जैन में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार सुबह चिमनगंज थाना क्षेत्र की कमल कॉलोनी में बदमाशों ने महज 1 मिनट 38 सेकेंड में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। पूरी घटना सुबह करीब 6.43 बजे की है, जिसमें दो बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक बड़ौद निवासी पवन दायिमा अपने साढ़ू भाई की स्प्लेंडर बाइक क्रमांक MP 70 ZD 9630 लेकर बुधवार को उज्जैन आए थे। वे कमल कॉलोनी निवासी ईश्वरलाल से मिलने पहुंचे थे। बाइक गली में खड़ी कर दोनों घर के अंदर सो गए।

### डेढ़ मिनट में बाइक लेकर फरार हुए बदमाश

गुरुवार सुबह जब वे बाहर निकले तो बाइक गायब मिली। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। फुटेज में सुबह करीब 6.45 बजे दो युवक दूसरी बाइक से आते दिखाई दिए। बदमाशों ने दो मिनट से भी कम समय में बाइक का हैंडल लॉक तोड़ा और वाहन चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद ईश्वर रिश्तेदार के साथ चिमनगंज थाने पहुंचा और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज दिखाए। हालांकि पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की। पुलिस ने रजिस्टर में एंट्री कर 24 घंटे बाद रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

महाकाल दर्शन करने आए परिवार से मारपीट

# दुकानदार और उसके साथियों ने मारा, बच्चे के हाथ में गंभीर चोट

उज्जैन। बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आए गाजियाबाद के एक परिवार ने दुकानदारों पर मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाया है। घटना चौबीस खंभा क्षेत्र में बुधवार रात को घटी। मारपीट में बच्चे के हाथ में गंभीर चोट आई है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी विष्णु मेहरा अपनी पत्नी और बच्चे के साथ 6 मई को उज्जैन पहुंचे थे। परिवार चौबीस खंभा, हरसिद्धि मार्ग क्षेत्र स्थित एक होटल में रुका हुआ था। मेहरा के अनुसार बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे शयन आरती देखने के बाद वे होटल लौट रहे थे। रास्ते में एक दुकान से सामान खरीदने के दौरान दुकानदार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

पीड़ित का आरोप है कि दुकानदार ने पहले अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो दुकानदार दुकान से बाहर आ गया और मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद दुकानदार के साथ मौजूद एक अन्य युवक ने भी उनके साथ मारपीट की। विष्णु मेहरा ने बताया कि उन्होंने तुरंत अपनी पत्नी को फोन किया, जो बच्चे के साथ होटल में थीं। पत्नी और बच्चा जैसे-तैसे नीचे पहुंचे, लेकिन आरोप है कि वहां मौजूद कुछ महिलाओं ने उनके साथ भी बदसलूकी की। मारपीट में उनके बच्चे का हाथ टूट गया, जबकि उन्हें सिर और हाथ में चोटें आई हैं।

### पुलिस ने मेडिकल कराया



घटना का वीडियो सामने आया है, उसमें युवक-युवती चिल्लाते हुए और आरोप-प्रत्यारोप लगाते नजर आ रहे हैं, वहीं बच्चा हाथ पकड़े रो रहा है। परिवार सीधे पुलिस थाने पहुंचा। पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण कराने की सलाह दी है, जिसके बाद वे चरक अस्पताल में मेडिकल और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया में लगे हुए हैं।



## कांग्रेस के महाजाम में शामिल हुए उज्जैन के कांग्रेसी

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश में गेहूं उपार्जन केंद्रों की अव्यवस्था, टोकन सिस्टम में तानाशाही, तुलाई में गड़बड़ी और भुगतान में देरी के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किया। जाम में शामिल होने के लिए उज्जैन के कांग्रेस कार्यकर्ता सामाजिक न्याय परिसर से रोजवासा टोल के लिए रवाना हुए थे। उज्जैन से करीब 200 कार्यकर्ता जाम में शामिल हुए। प्रदेशभर में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को चक्काजाम आंदोलन किया। शाजापुर के रोजवास टोल प्लाजा पर जीतू पटवारी विधायक महेश परमार सहित उज्जैन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने मिलकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया। शाजापुर जिले में होने वाले चक्काजाम में उज्जैन से करीब 70 वाहनों का काफिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में रवाना हुआ था। जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हैं। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने बताया कि वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ शाजापुर में आयोजित चक्काजाम में शामिल हुए है। वहीं, मुकेश भाटी ने आरोप लगाया कि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ रहा है और स्लॉट बुकिंग व टोकन सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है।

किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक जाट जिलाबदर

# कल से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे विधायक और शहर कांग्रेस अध्यक्ष

उज्जैन। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक जाट को छह माह के लिए जिला बदर करने के विरोध में कांग्रेसी शुक्रवार से कलेक्टर कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन की कार्रवाई को किसान हितों की आवाज दबाने वाला कदम बताया है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बताया कि किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जाट लगातार मंडी में किसानों के हक की लड़ाई लड़ रहे थे। इसी कारण जिला प्रशासन ने उनके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के इशारे पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने यह फैसला लिया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने थाना भैरवगढ़ निवासी अशोक जाट पिता देवराम जाट को छह माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए थे। आदेश के तहत मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अशोक जाट को उज्जैन जिले सहित सीमावर्ती जिलों देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार एवं आगर मालवा की राजस्व सीमाओं से छह माह तक बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि अशोक जाट के खिलाफ उज्जैन जिले की किसी अदालत में कोई प्रकरण लंबित है, तो वे निर्धारित तारीख पर पेशी के लिए आ सकेंगे।



### आदेश वापस लेने तक जारी रहेगा आंदोलन

कांग्रेस के अनुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक महेश परमार और शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी शुक्रवार सुबह 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। पार्टी नेताओं का कहना है कि जब तक जिला बदर का आदेश वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।




## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल होने उज्जैन संभाग के श्रद्धालु रवाना

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा 7 मई से 11 मई तक सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा आयोजित की जा रही है। यात्रा का प्रारंभ भोपाल रानी कमलापति स्टेशन से हुआ जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। इसी तारतम्य में विशेष यात्री ट्रेन का उज्जैन आगमन हुआ। ज्ञात हो कि सोमनाथ आक्रमण सन 1026 में हुआ था उसी संघर्ष के 1000 वर्ष होने की याद में उक्त आयोजन किया गया है, जिसमें भोपाल, विदिशा रायसेन सहित उज्जैन संभाग के कुल 1100 से अधिक यात्री सहभागिता कर रहे हैं।संस्कृति विभाग द्वारा उज्जैन स्टेशन पर संभाग के श्रद्धालुओं के स्वागत का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अंतर्गत सोमनाथ ज्योर्तिलिंग के दर्शन के लिए विशेष एसी कोच के माध्यम से यह यात्रा शुरु की गई है। उज्जैन रेलवे स्टेशन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में भस्म रमैया भक्त मंडल द्वारा आकर्षक डमरू वादन की प्रस्तुति दी गई।

उज्जैन पुलिस की पांच संदिग्ध डेरों पर दबिश, 22 पर कार्रवाई

# 147 से अधिक हिरासत में, दोपहिया वाहन जब्त

उज्जैन। उज्जैन पुलिस ने बीती रात पांच क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें खासकर डेरों से संचालित होने वाले गिरोह और घटना को अंजाम देने पर अलग-अलग लोगों की संदिग्ध भूमिका होने पर पकड़ा है। पांच थानों की टीम ने संयुक्त दबिश कार्यवाही के दौरान कुल 147 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को अभिरक्षा में लेकर संबंधित थानों पर लाया गया, जहां उनसे गहन पूछताछ, पहचान सत्यापन एवं पृष्ठभूमि जांच की गई।



कार्यवाही के दौरान 25 से अधिक दोपहिया वाहन जब्त किए गए, जिनके स्वामित्व, दस्तावेजों एवं वैधानिक स्थिति की गहन जांच की जा रही है। जांच के उपरांत 22 व्यक्तियों के विरुद्ध पर्व में विभिन्न आपराधिक प्रकरण दर्ज पाए जाने पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान संदिग्ध तत्वों में अफरा-तफरी एवं हड़कंप मच गया। कई व्यक्तियों ने मौके से भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। साइबर सेल एवं फील्ड यनिट की संयक्त टीमों द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, लोकेशन डेटा एवं पूर्व रिकॉर्ड के आधार पर इन व्यक्तियों की जांच में यह भी सामने आया कि इनमें से कई व्यक्ति संगठित रूप से संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त रहते हुए उज्जैन जिले के अतिरिक्त आसपास के अन्य जिलों में भी वारदातों को अंजाम देते हैं।

### कई डेरों पर दी दबिश

उज्जैन पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, संगठित अपराधों पर अंकुश, फरार एवं आदतन अपराधियों की निगरानी और संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई के लिए कार्तिक मेला ग्राउंड स्थित डेरा ,पंवासा पारदी डेरा, चिमनगंज क्षेत्र स्थित आकाश पेट्रोल पंप के पास डेरा, थाना भैरवगढ़ क्षेत्र स्थित नाथ डेरा, थाना घट्टिया क्षेत्र स्थित लाखेड़ा पारदी डेरा पर दबिश दी। पांच थानों के बल के साथ एडिशनल एसपी शहर आलोक शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राहुल देशमुख एवं नगर पुलिस अधीक्षक अनुभाग जीवाजीगंज पुष्पा प्रजापति के साथ थाना प्रभारियों, बल एवं साइबर सेल पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए डेरो से 147 लोगो को पकड़ा है।



## होमगार्ड ने प्रारंभ किया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

**उज्जैन।** यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन दिवसीय है। प्रथम दिवस प्रशिक्षण सत्र में होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के 35 जवान सम्मिलित हुए। जिसमें जवानों को आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए बाढ बचाव में उपयोगी तैराकी एवं बोट हैंडलिंग एवं ड्राय रेस्क्यू टेक्निक का अभ्यास कराया गया। जिला कमांडेंट होमगार्ड संतोष जाट ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य होमगार्ड विभाग में कौशल क्षमता उन्नयन करना है, इस प्रशिक्षण द्वारा होमगार्ड विभाग में उपलब्ध मानव संसाधनों को कुशल तैराक एवं कुशल बोट हैंडलर में परिवर्तित करना है। इसके अंतर्गत 180 कुशल तैराक एवं 70 बोट हैंडलर सहित 20 डीप डायवर्स तैयार करना है। यह प्रशिक्षण तीन सत्रों में एवं संभाग स्तर पर 02 सत्रों में संचालित कर बाढ आपदा प्रशिक्षण के लिए होमगार्ड /एसडीईआरएफ जवानों को प्रशिक्षित किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत कुशल तैराक, डीप डायवर्स एवं रेस्क्यूअर को आपदा संभावित क्षेत्रो में स्थापित डीआरसी एवं क्यू आर टी टीम में तैनात किया जाएगा।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित. प्रधान संपादक: सुनील वर्मा
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com,

c m y k